दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। गुरुवार 29 अगस्त -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 319 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## कोलकाता रेप-मर्डर कांड : संदीप घोष को आईएमए ने किया सस्पेंड

**नई दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। जहां सीबीआई के बाद अब ईडी भी उनके खिलाफ जांच करेगी तो वहीं अब इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ संदीप घोष की सदस्यता निलंबित कर दी है। आईएमए की अनुशासन समिति ने ये कार्रवाई की है।




संदीप घोष को लिखे पत्र में क्टअ ने कहा, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आर.वी. अशोकन द्वारा विधिवत गठित अनुशासन समिति ने आज स्वतः संज्ञान लेते हुए आरजी कर मेडिकल कॉलेज कोलकाता में एक स्नातकोत्तर रेजिडेंट के साथ बलात्कार और हत्या तथा उसके बाद के घटनाक्रम पर विचार किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ हस्ताक्षरकर्ता ने पीड़िता के माता-पिता से उनके घर जाकर मुलाकात भी की। उन्होंने आपके द्वारा स्थिति से निपटने में अपनी शिकायतें रखीं तथा आपके द्वारा उनके साथ किए गए व्यवहार में उचित तरीके से मामले को संभालने में सहानुभूति और संवेदनशीलता की कमी के बारे में बताया। आगे कहा गया, आईएमए बंगाल राज्य शाखा के साथ-साथ डॉक्टरों के कुछ संगठनों ने भी आपके द्वारा पूरे पेशे को बदनाम करने की प्रकृति का हवाला देते हुए कार्रवाई की मांग की है। आईएमए मुख्यालय की अनुशासन समिति ने सर्वसम्मति से आपको भारतीय चिकित्सा संघ की सदस्यता से तत्काल निलंबित करने का निर्णय लिया है।

# आज होगी 15वें वित्त आयोग की बैठक

## 130 करोड़ के प्रस्तावों पर लगेगी मुहर

### पूरे गाजियाबाद को मिलेगी स्वास्थ्य सेवाओं की सौगात और लाइन पार क्षेत्र में सुधरेगी पानी की व्यवस्था






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम की अवस्थापना निधि का मामला स्पष्ट हो गया है। 15वें वित्त आयोग को लेकर सभी चीजें स्पष्ट है। अब इस मद पर कितना पैसा खर्च होना है और उसका क्या प्लान होगा इसको लेकर कमेटी चर्चा करेगी।

नगर निगम में ये बैठक होनी थी लेकिन बुधवार को ये बैठक नहीं हो पाई और अब बृहस्पतिवार यानी आज होगी। नगर निगम की बैठह अहम है क्योंकि इसमें 15वें वित्त आयोग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। इसमें अवस्थापना निधि के धन पर भी चर्चा होगी। कई प्रस्ताव कई एजेंडे बैठक में रखे जायेंगे। ये अहम बैठक है इसमें जिलाधिकारी, जीडीए उपाध्यक्ष, नगर आयुक्त, मेयर और लोक निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर शामिल होते हैं। इसके अलावा सम्बन्धित विभागों के अधिकारी भी गुरूवार को होने वाली बैठक में मौजूद रहेंगे। लगभग 130 करोड के प्रस्ताव आयेंगे। जब ये बैठक होगी तो इसमें गाजियाबाद की स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े मामले, लाईन पार क्षेत्र में पानी की व्यवस्था, निर्माण के काम और जल कल से जुड़े कामों पर चर्चा होगी। विकास का ब्लू प्रिंट मानी जा रही यह बैठक अहम है।

### बैठक में नहीं शामिल होंगे पार्षद और प्रस्ताव भी नहीं आयेंगे कार्यकारिणी या बोर्ड बैठक में

करंट क्राइम। 15वें वित्त आयोग के पैसों से गाजियाबाद के निर्माण की तस्वीर बदलेगी। कौन कौन से काम होने हैं इसको लेकर जब गुरूवार को बैठक होगी तो नगर निगम की मुखिया के रूप में मेयर तो मौजूद रहेंगी लेकिन बाकी के 10 पार्षद इस बैठक से बाहर रहेंगे। पार्षदों को इस बैठक में नहीं बुलाया गया है। वहीं इस बैठक में जो प्रस्ताव पास होंगे वो प्रस्ताव नगर निगम कार्यकारिणी या बोर्ड बैठक में मंजूरी के लिए नहीं रखे जाते हैं। उन कामों पर सहमति की मुहर इसी बैठक में लगेगी।

### पर्यटक आवासगृह निजी हाथों में 30 साल तक के लिए देने की तैयारी

**करंट क्राइम।** अवस्थापना और 15वें वित्त आयोग के कामों को लेकर बैठक होगी वहीं लखनऊ में जब निकाय क्षेत्रों के कार्यों को लेकर बैठक हुई तो यहां कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लि० द्वारा संचालित पर्यटक आवास गृहों को तीस साल के लिए निजी उद्यमियों को देने की मंजूरी दी गई है। पहले इसकी समय सीमा पांच वर्ष थी। जिसे बढ़ाकर 15 वर्ष किया गया था और अब फिर इसे बढ़ाकर 30 वर्ष कर दिया गया है। इसके अलावा अब प्राधिकरण और निकायों को स्टॉम्प विभाग सीधे विकास शुल्क देगा। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव पर मंजूरी मिल गई है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के सरकारी कॉलेजों की प्रयोग में ना आने वाली जमीन पर मिनी स्टेडियम और प्ले ग्राउण्ड बनेगें। इसकी भी स्वीकृति दे दी गई है।

### दीन दयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम के लिए फिर से निकलेगा टेंडर

**करंट क्राइम।** पं० दीन दयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम का निर्माण नगर निगम ने किया था। यह ऑडिटोरियम फिलहाल बंद है और इसका संचालन कर रही कंपनी को नगर निगम को पहले नोटिस जारी किया था। उसके बाद कंपनी का एग्रीमेंट निरस्त किया गया और फिर आरसी जारी की गई। बताया जाता है कि अब इस ऑडिटोरियम को फिर से लीज पर देने की तैयारी है और इसके लिए रि-टेंडर होगा। इसकी तैयारी की जा रही है। नगर निगम अपनी भरपाई यहां से पूरी करेगा।

## कार सवार परचून कारोबारी से नेशनल हाईवे पर 12 लाख की लूट

### दो कमिश्नरेट की पुलिस जांच में घंटों रही उलझी | इंदिरापुरम पुलिस कर रही है पूरे मामले की जांच



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** इंदिरापुरम थाना पुलिस अभी 3 करोड़ रुपए की घड़ी चोरी के मामले का खुलासा नहीं कर पाई है कि पुलिस के लिए फिर एक बड़ी लूट चुनौती लेकर आई है। मंगलवार की देर रात विजयनगर सेक्टर-09 निवासी अभिषेक अग्रवाल जोकि किराना कारोबारी हैं, वह नोएडा से अपनी कार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान गाजियाबाद- नोएडा सीमा के बीच बदमाशों ने उनकी कार को ओवरटेक किया और बंदूक की बट मार कर बैग कार से लूटकर मौके से फरार हो गए। बदमाशों द्वारा वारदात करने की सूचना जैसे ही कंट्रोल रूम को मिली तो नेशनल हाईवे पर इंदिरापुरम थाना पुलिस और पुलिस कमिश्नरेट इंदिरापुरम मौके पर पहुंच गई। घंटों तक मामले की जांच की गई, देर रात इंदिरापुरम थाना पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया है। आईपीएस अधिकारी डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया है कि पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मामले के खुलासे के लिए कई टीमों को लगाया गया है।

### नेशनल हाईवे पर वारदात से फैली सनसनी

**करंट क्राइम :** नेशनल हाईवे दिल्ली-मेरठ रोड के अंडरपास पर इंदिरापुरम नोएडा के बीच जैसे ही कारोबारी अभिषेक अग्रवाल की कार पहुंची, तो बदमाशों ने उनको ओवरटेक किया। इस दौरान बदमाशों ने फिल्मी स्टाइल में बंदूक निकाल ली, हथियार देखकर अभिषेक घबरा गए, उन्होंने जैसे ही गाड़ी रोकी बदमाशों ने बंदूक की बट मारकर कार में रखा बैग कार से लूटा और मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है की गाड़ी के रखे बैग में लगभग 12 लाख रुपए कैश था। अभिषेक नोएडा के बहलोलपुर में परचून की दुकान चलाते हैं। मंगलवार रात को वो वह विजयनगर जा रहे थे, उस दौरान उनसे वारदात हो गई। नेशनल हाईवे पर वारदात की सूचना मिलते ही कई थानाक्षेत्रों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई थी।

### पुलिस की टीम खंगाल रही है सीसीटीवी और मोबाइल नंबरों की लिस्ट



करंट क्राइम : इंदिरापुरम थानाक्षेत्र में हुई 12 लाख रुपये की लूट के मामले के खुलासे के लिए लगातार पुलिस की कई टीमें काम कर रही हैं। साथ ही पुलिस की टीम सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही मोबाइल नंबरों का डाटा भी निकाल रही है। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में कुछ महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। जल्द ही इस मामले का खुलासा किया जाएगा।

# नगर निगम में नहीं पहुंचा पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी का कोई लैटर

### अगर आयेगा कोई लैटर तो रखेंगे कार्यकारिणी में दीनदयाल ऑडिटोरियम का मैटर



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने नगर आयुक्त के नाम एक खुला पत्र लिखा था। ये पत्र उन्होंने नेहरूनगर में बनाये गये पंडित दीन दयाल उपाध्याय सभागार को लेकर लिखा। जिसमें उन्होंने लिखा कि इसे संचालित करने के लिए ठेके पर दिया गया था। लेकिन उसके द्वारा नगर निगम को प्रीमियम का भुगतान नहीं किया गया और ये ऑडिटोरियम नगर निगम ने सील कर दिया। अब इसे नगर निगम दोबारा ठेके पर देने की कार्यवाही करेगा। बालेश्वर त्यागी ने कहा कि मैं इस सभागार की स्थापना से जुड़ा हूं। उस समय मैं पंचायती राजमंत्री था और इसके लिए जीडीए ने 15 हजार वर्ग मीटर जमीन निशुल्क दी थी। बहरहाल ये जब बनकर तैयार हुआ तो इसके उद्घाटन में मुझे भी बुलाया गया था और मैंने मंच से अनुरोध किया था कि इसे संचालन के लिए ठेके पर मत देना। नगर निगम स्वयं इसका संचालन करे। नगर निगम कोई व्यवसायी संस्था नहीं है। उसका उद्देश्य धन कमाना नहीं है। वह अपनी संस्थाओं भवनों को धनार्जन का माध्यम नहीं बना सकी है। उसके सारे कार्य लोक कल्याण की भावनाओं पर आधारित है। बहरहाल पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने अपने पत्र नगर आयुक्त को कई सुझाव दिये और लिखा कि मेरे सुझाव पर अवश्य विचार करेंगे और सबसे खास बात ये है कि बालेश्वर त्यागी ने अपने इस पत्र में खुद को महानगर का एक जागरूक नागरिक लिखा है। उन्होंने पूर्व मंत्री पद का इस्तेमाल नहीं किया है। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी का पत्र क्या नगर निगम तक पहुंचा है या वो फेसबुक पर ही सीमित है। जब करंट क्राइम ने नगर निगम की टेबलों को टटोला तो पता चला कि ऐसा कोई लैटर नगर निगम में नहीं पहुंचा है। नगर निगम के दफ्तर सूत्र बता रहे हैं कि अभी पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी का कोई लैटर नगर निगम में नहीं आया है। दफ्तरी सूत्र बता रहे हैं कि जैसे ही ये लैटर आयेगा तो पूरा मैटर साहब के सामने रखा जायेगा। लेकिन बात यही है कि अगर पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी का पत्र आयेगा। वहीं सूत्र बताते हैं कि नगर निगम में पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी के पत्र का इंतजार हो रहा है और यदि ये पत्र नगर निगम में पहुंचता है तो फिर ये पत्र नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में भी पहुंचेगा। शर्त यही है कि ये पत्र नगर निगम की टेबल पर आये तो सही।

## तीन हजार रुपये के लालच में की हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार

### शराब पीने के दौरान बिगड़ी थी मृतक की हालत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सिहानी गेट पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति की संदिग्ध मौत के मामले का खुलासा करते हुए हत्यारोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने पटेल नगर के निवासी मनोज राम को दबोचा है। बताया जा रहा है कि पहले आरोपी मनोज राम ने मृतक के साथ नोएडा में शराब पी।



इस दौरान उसकी नजर मृतक के मोबाइल और जेब में रखें पैसों पर गई ,इसी के चलते उसने उसको अधिक शराब पिली जिससे बाद में उसकी हालात बिगड़ी व मौत हो गई। बताया गया है कि दोनों नोएडा से टेंपो में जीडीए गेट के पास उतरे थे। डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने बताया है कि आरोपी मनोज राम ने बताया है कि रक्षाबंधन का त्यौहार था, वह मजदूरी का काम करता है। उस दिन छुट्टी थी, वह अपने भांजे के पास नोएडा चला गय।

फिर वहां से यह सेक्टर-21 चले गए ,वहां एक व्यक्ति आया जिसकी उम्र 50 वर्ष की रहेगी। दोनों शराब पीने लगे, शराब पीते पीते मृतक और मनोज राम की दोस्ती हो गई। फिर उसने मनोज राम को अपने पैसों से शराब पिलाई। इसी दौरान मनोज की नजर उसके मोबाइल और 3000 रुपये पर पड़ गई थी ।इसी वजह से मृतक अधिक नशे में हो गया व उसकी मौत हो गई।

### 500 रुएये देकर ऑटो में लाया था मृतक को आरोपी

**करंट क्राइम :** एसीपी नंदग्राम सलोनी अग्रवाल और सिहानी गेट थाना प्रभारी सचिन कुमार ने जानकारी दी है कि मनोज राम ने मृतक को अधिक शराब पिला दी थी। वह शराब के नशे में था। इसी दौरान वह मृतक को ऑटो में बैठा कर लाया था। नोएडा से ऑटो चालक को 500 रुपये अधिक किराया देकर पुराना बस अड्डा लेकर आया था। जहां दोनों टेंपो से उतरे थे। इसके बाद मृतक की तबीयत खराब हो गई उसे एमएमजी अस्पताल ले जाया गया और वहां उपचार दौरान उसकी मौत हो गई थी।

## नेशनल हाईवे पर टप्पेबाजों ने उड़ाए साढ़े 12 लाख रुपए

### वर्दी में थे तीन बदमाश, पुलिस मामले की जांच में जुटी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मंगलवार की रात 12 लाख रुपए की परचून कारोबारी से हुई लूट के मामले का पुलिस अभी खुलासा नहीं कर पाई थी कि देहात जोन के अंतर्गत आने वाले वेव सिटी थानाक्षेत्र में बुधवार की रात टप्पेबाजों ने एक फॉर्च्यूनर कार से साढ़े 12 लाख रुपयों से भरे बैग पर हाथ साफ कर दिया। बताया जा रहा है कि टप्पेबाजी को अंजाम देने वाले बदमाश पुलिस की वर्दी में मौजूद थे। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। साथ ही पीड़ित डॉक्टर मोहतरम से पूरी जानकारी जुटा रही है।



### ओएलएक्स पर होनी थी वेंटीलेटर की डील

करंट क्राइम : बुधवार की रात हुई वेव सिटी थानाक्षेत्र डासना स्थित कॉलेज के पास की इस घटना में गढ़मुक्तेश्वर निवासी डॉक्टर मोहतरम दिल्ली के निजामुद्दीन एरिया में वेटीलेंटर खरीदने के लिए अरशद के व्यक्ति संपर्क किया था। वेंटिलेटर खरीदने के लिए अरशद ने विज्ञापन डाला था। दोनों के बीच वेंटीलेटर के साढ़े 12 लाख रुपए की डील हुई थी। मोहतरम अपने साथी महाराज चौधरी के साथ इंदिरापुरम से डासना की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान जैसे ही यह कटर कॉलेज के पास पहुंचे, वहां पहले से वर्दी पहने तीन लोग खड़े थे, उनके साथ दो-तीन लोग और थे। उन्होंने कहा वेंटीलेटर बेचने आए हैं, इस दौरान रूपों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। इस मामले में पुलिस नेशनल हाईवे के सीसीटीवी खंगालने का काम कर रही है। फिलहाल पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

## अब सीधे विभागों के खाते में आयेगा अवस्थापना निधि का पैसा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट वाली बैठक में यह प्रस्ताव पास हो गया कि अवस्थापना निधि को सीधे सम्बन्धित विभागों के एकाउंट में दिया जायेगा। प्रस्ताव के पास होने से जीडीए और नगर निगम तथा आवास विकास विभाग को सुविधा होगी। क्योंकि अब अवस्थापना निधि का पैसा सीधे जीडीए और नगर निगम तथा आवास विकास विभाग के खातों में आयेगा। कैबिनेट बैठक में ये मान लिया गया कि पैसा गाजियाबाद नगर निगम और जीडीए का है और राज्यसरकार इसे अपने पास नहीं रख सकती। पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने भी इसी बात को दोहराया है कि अवस्थापना निधि की लड़ाई 2021 से हमारे द्वारा लड़ी जा रही थी। इसमें उत्तर प्रदेश सरकार को अपना पक्ष रखना था हाईकोट में भी यही रिट डाली गई थी और कोर्ट में उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा गया था। हिमांशु मित्तल ने इस लड़ाई को अपनी जीत बताया है और कहा है कि अंततः हमें सफलात प्राप्त हुई।

# कोलकाता की घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का बड़ा बयान, बस, अब बहुत हुआ'



**नई दिल्ली।** कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना से पूरे देश में गुस्सा और नाराजगी का माहौल है। अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी कोलकाता की घटना पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। राष्ट्रपति ने कहा कि 'वह घटना से निराश और भयभीत हैं।' अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए राष्ट्रपति ने महिला अपराधों पर रोक का आह्वान किया और कहा कि 'अब बहुत हो गया, अब समय आ गया है कि भारत महिलाओं के खिलाफ अपराधों की 'विकृति' के प्रति जाग जाए और उस मानसिकता का मुकाबला करे जो महिलाओं को 'कम शक्तिशाली, कम सक्षम, कम बुद्धिमान' के रूप में देखती है।'

### महिला अपराधों को लेकर राष्ट्रपति ने जताई नाराजगी

न्यूज एजेंसी पीटीआई को लिखे गए एक लेख में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, 'इतिहास का सामना करने से डरने वाले समाज सामूहिक भूलने की बीमारी का सहारा लेते हैं; अब समय आ गया है कि भारत इतिहास का सामना करे। महिला अपराधों पर राष्ट्रपति ने कहा कि 'हमें इस विकृति से व्यापक तरीके से निपटना चाहिए ताकि इसे शुरू में ही रोका जा सके। जो लोग इस तरह के विचार रखते हैं, वे महिलाओं को एक वस्तु के रूप में देखते है। अपनी बेटियों के प्रति यह हमारा दायित्व है कि हम उनके भय से मुक्ति पाने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करें।'

### दिल्ली के निर्भया कांड के बाद क्या बदला?

मुर्मू ने कहा, 'जब कोलकाता में छात्र, डॉक्टर और नागरिक विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, अपराधी खुलेआम घूम रहे थे। पीड़ितों में किंडरगार्टन की लड़कियां भी शामिल हैं।' रक्षा बंधन पर स्कूली बच्चों के एक समूह के साथ अपनी हाल की मुलाकात को याद करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि 'उन्होंने मुझसे मासूमियत से पूछा कि क्या उन्हें आश्वासन दिया जा सकता है कि भविष्य में निर्भया जैसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं होगी। साल 2012 की घटना के बाद आक्रोशित राष्ट्र ने कई योजनाएं बनाईं और रणनीतियां बनाईं और कुछ बदलाव किए। तब से 12 वर्षों में, इसी तरह की अनगिनत त्रासदियाँ हुई हैं, हालांकि उनमें से केवल कुछ ने ही देश का ध्यान आकर्षित किया है।' राष्ट्रपति ने कहा कि 'क्या हमने अपने सबक सीखे? जैसे-जैसे सामाजिक विरोध कम होते गए, ये घटनाएँ सामाजिक स्मृति के गहरे और दुर्गम कोने में दब गईं, जिन्हें केवल तभी याद किया जाता है जब कोई और जघन्य अपराध होता है।'

### 'सभ्य समाज इस तरह के अत्याचार की इजाजत नहीं दे सकता'

राष्ट्रपति ने कहा कि 'कोई भी सभ्य समाज बेटियों और बहनों के खिलाफ इस तरह के अत्याचार की इजाजत नहीं दे सकता। देश को इस पर गुस्सा जाहिर करना ही चाहिए और मैं भी इससे गुस्से में हूं।' राष्ट्रपति ने 'महिला सुरक्षाः बस बहुत हुआ' शीर्षक से लिखे लेख में पहली बार कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना पर अपने विचार रखे। इस मुद्दे पर पश्चिम बंगाल समेत देशभर में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। घटना को लेकर मंगलवार को पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी झड़प हुई और आज बंगाल बंद का आयोजन किया जा रहा है।

## बलात्कारियों को मौत की सजा के लिए विधानसभा में पारित करेंगे विधेयक : ममता बनर्जी



**कोलकाता।** आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ हुए जघन्य बलात्कार और हत्या के मामले को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, ह्नबलात्कारियों को मौत की सजा सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही एक विधेयक लाया जाएगा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को एक बयान में कहा, उनकी सरकार बलात्कार और हत्या के मामलों में दोषियों को फांसी की सजा दिलाने के लिए विधानसभा में एक विधेयक पारित करेगी। यह विधेयक 10 दिनों के भीतर पश्चिम बंगाल विधानसभा में पेश किया जाएगा। हम इसे राज्यपाल के पास भेजेंगे और अगर वह विधेयक पारित नहीं करते हैं तो हम राजभवन के बाहर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेंगे। ममता बनर्जी ने तृणमूल छात्र परिषद (टीएमसीपी) के स्थापना दिवस के मौके पर कहा, यह विधेयक पारित होना ही चाहिए। इस बार वह (राज्यपाल) जवाबदेही से नहीं बच सकते। उन्होंने पूछा कि बलात्कारियों को फांसी क्यों नहीं दी जानी चाहिए। टीएमसी महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी के बयानों का जिक्र करते हुए सीएम ममता बनर्जी ने आरजी कर मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) पर सवाल उठाए। उन्होंने दावा करते हुए कहा, सीबीआई को मामला सौंपे जाने के बाद जांच की प्रगति बर्बाद हो गई है। इससे पहले ममता बनर्जी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल पुलिस की सराहना की थी। उन्होंने कहा था, मैं अपनी पुलिस को सलाम करती हूं। उन्होंने खुद पर हमला होने के बावजूद भी संयम बनाए रखा। वे भाजपा के जाल में नहीं फंसे, जो शवों पर राजनीति कर रही है। मुख्यमंत्री ने बंगाल के जूनियर डॉक्टरों से भी अपील की कि वे इलाज के लिए वहां जाने वाले मरीजों के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकारी अस्पतालों में अपनी ड्यूटी पर लौट आएं। साथ ही ममता बनर्जी ने बलात्कार और हत्या की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा, अब यह देखना बाकी है कि मामले में आगे की कार्रवाई में कोई चूक न हो। इसलिए हम चाहते हैं कि जांच जल्दी पूरी हो ताकि मामले की सुनवाई तेजी आ सके। बता दें कि कलकत्ता हाई कोर्ट ने आरजी कर रेप और मर्डर मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया था।

## न्यूज डायरी

### मदरसे में चल रही थी नकली नोट छापने की फैक्टरी, मौलवी समेत चार गिरफ्तार



**प्रयागराज।** प्रयागराज पुलिस ने मदरसे की आड़ में चल रही नकली नोट बनाने वाली फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। मौके से मौलवी समेत उसके गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने डेढ़ लाख रुपये का नकली नोट भी बरामद किए हैं। मौलवी ओडिशा का रहने वाला बताया जा रहा है। शहर के अतरसुइया इलाके के एक मदरसे में नकली नोट छापने की फैक्टरी का भंडाफोड़ हुआ हुआ है। यह खेल मौलवी की देखरेख में चल रहा था। पुलिस ने मौलवी समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर डेढ़ लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए हैं। बुधवार को आरोपियों को पुलिस ने मीडिया के सामने पेश किया। बताया जा रहा है कि यह धंधा काफी दिनों से चल रहा था। यहां से नकली नोट छापकर कई स्थानों पर सप्लाई किए जा रहे थे। अतरसुइया इलाके में स्थित मदरसा जामिया हबीबिया मस्जिद ए आजम में नकली नोट छापने की फैक्टरी चल रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने छापा मारा तो खलबली मच गई। पुलिस ने मौके से डेढ़ लाख रुपये नकली नोट बरामद करते हुए मौलवी मोहम्मद तफ्सीरुल समेत उसके गिरोह के सदस्य मोहम्मद अफजल, मोहम्मद शाहिद और आफरीन को गिरफ्तार कर लिया। मौलवी तफ्सीरुल मूल रूप से उड़ीसा का रहने वाला है। गिरोह का सरगना जहीर खान भी उड़ीसा में मौलवी के ही गांव का रहने वाला है।

### यूनिफाइड पेंशन स्कीम के विरोध में कर्मचारी, कैबिनेट में पास कराने की तैयारी में जुटी भजनलाल सरकार



**जयपुर।** यूनिफाइड पेंशन स्कीम को लेकर राज्य सरकार और कर्मचारियों के बीच टकराव बढ़ता नजर आ रहा है। केंद्र सरकार के इस फैसले के बाद अब राजस्थान में कर्मचारी संगठनों ने इसका विरोध शुरू कर दिया है। वहीं, भजनलाल सरकार आज कैबिनेट की बैठक में इसे सप्लीमेंट्री एजेंडा में शामिल कर सकती है। राजस्थान में यूनिफाइड पेंशन को लेकर कर्मचारियों और राज्य सरकार के बीच टकराव की नौबत आ चुकी है। पिछली गहलोत सरकार की ओर से लागू की गई ओल्ड पेंशन को नई यूनिफाइड पेंशन से रिप्लेस करने के लिए भजनलाल सरकार आज कैबिनेट में प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रही है। हालांकि, कैबिनेट की बैठक के लिए जारी किए गए मुख्य एजेंडा में यूनिफाइड पेंशन का प्रस्ताव शामिल नहीं किया गया था। लेकिन इसे सप्लीमेंट्री एजेंडा के रूप में टेबल करने की तैयारी वित्त विभाग के स्तर पर की जा रही है। यूनिफाइड पेंशन स्कीम हाल में केंद्र सरकार ने लागू की है। केंद्र में भी इसे लेकर कर्मचारियों में भारी विरोध नजर आ रहा है। लेकिन राजस्थान में इसे लेकर ज्यादा विरोध इसलिए भी हो सकता है। क्योंकि यहां पिछली गहलोत सरकार एनपीएस हटाकर ओपीएस लागू कर गई थी।

## पीडीपी ने 17 उम्मीदवारों की सूची जारी की



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में दस साल बाद हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। पहले चरण में दक्षिण कश्मीर के पुलवामा, शोपियां आदि जिलों की 24 विधानसभा सीटों पर 280 नामांकन हुए। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने बुधवार को 17 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। जिसमें ईदगाह विधानसभा क्षेत्र से मोहम्मद खुर्शीद आलम, गांदरबल से बशीर अहमद मीर, नौशेरा से हक नवाज को चुनाव मैदान में उतारा है।

जम्मू-कश्मीर में दस साल बाद हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। पहले चरण में दक्षिण कश्मीर के पुलवामा, शोपियां, अनंतनाग व कुलगाम तथा चिनाब वैली के किश्तवाड़, डोडा व रामबन जिले की 24 विधानसभा सीटों पर 280 नामांकन हुए। इसी क्रम में पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती, आतंकियों की गोली का शिकार बने किश्तवाड़ के अनिल परिहार के परिवार की शगुन परिहार, पूर्व मंत्री सुनील शर्मा व शक्तिराज परिहार, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विकार रसूल वानी व जीए मीर, नेकां के पूर्व सांसद हसनैन मसूदी, सीपीआई एम नेता एम वाई तारिगामी, पूर्व विधायक जीएम सरूरी ने पर्चा भरा।

## सपा-कांग्रेस को जब मौका मिलेगा वह दंगा कराएंगे, इनके अंदर जिन्ना की आत्मा घुस गई : सीएम योगी



**अलीगढ़।** सीएम योगी सोमना रोड स्थित गुरूकुल पब्लिक स्कूल में पहुंचे। उन्होंने रोजगार मेला, लोन वितरण, टैबलेट व स्मार्ट फोन का वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए सपा-कांग्रेस पर हमला बोला। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ आज अलीगढ़ के खैर में पहुंचे। यहां सोमना रोड स्थित गुरूकुल पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम स्थल पर रोजगार मेले का उद्घाटन किया। साथ ही लोन वितरण, टैबलेट व स्मार्ट फोन का वितरण भी किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास का कोई विकल्प नहीं हो सकता, विकास के साथ रोजगार चाहिए, इन सबके लिए सुशासन चाहिए। आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में आगे बढ़ रहा है, सरकार जनता के दरवाजे पर रोजगार देने पहुंच रही है, जिसकी जितनी क्षमता है उसे उसके अनुसार रोजगार दिया जा रहा है। आजादी के बाद देश में विकास खिसकने के साथ भेदभाव चल रहा था। लेकिन डबल इंजन की भाजपा सरकार के कार्यकाल में कोई भेदभाव नहीं हो रहा। लेकिन किसी ने अराजकता करने, बहन बेटियों की अस्मत से खिलवाड़ करने की कोशिश की तो उसके साथ कोई रहम नहीं किया जाएगा, उसका रास्ता यमराज के पास होगा। कांग्रेस ने राष्ट्र नायकों का अपमान किया है। भाजपा राष्ट्रनायकों को सम्मान देने का काम कर रही है। अलीगढ़ के राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय सहित सहारनपुर, आजमगढ़ शिक्षण संस्थान इसका उदाहरण हैं। कांग्रेस जब सत्ता में थी तो सिर्फ एक ही परिवार के बारे में सोचते थे। कांग्रेस ओर सपा में जिन्ना की आत्मा घुस गई है, जिन्ना ने देश को बांटने का काम किया था, सपा-कांग्रेस समाज को धर्म जाति के नाम पर बांटने और तोड़ने का कार्य कर रहे हैं। लेकिन मोदी के नेतृत्व में इनके मंसूबों को पूरा नहीं होने दिया जाएगा। अयोध्या में सपा पदाधिकारी के द्वारा बेटी के साथ घटना घटित हुई। विपक्षियों के अंदर जिन्ना की आत्मा घुस गई है। यूपी को सपा ने दंगा प्रसाद बना दिया था, अब ऐसा नहीं है। हम सुरक्षा सबको देंगे। माफिया की जमीनों पर गरीबों के लिए आवास बनाए गए हैं। 500 खिलाड़ियों को नौकरी दे चुके हैं। विपक्षियों पर सीएम योगी ने कहा कि जिन्होंने अपने समय में काई कार्य नहीं किए कारनामे किए, बेटी के साथ कुछ होता तो वह कहते थे कि बच्चे हैं गलती कर ही जाते हैं। उन्होंने कहा अब यूपी सुरक्षित हाथों में है। यूपी देश के अग्रणी प्रदेशों में है। यूपी के विकास की रफ्तार को थमने मत दीजिए। सपा-कांग्रेस को जब भी अवसर मिलेगा यह दंगा कराएंगे। देश में विकास में बाधक तत्वों को आगे नहीं बढ़ने देना है।

सीएम योगी ने कहा कि युवा तकनीकि रूप से सक्षम बनिए। विकास में कोई क्षेत्र पिछड़ने नहीं पाएगा। योगी ने जय, जय श्रीराम के साथ अपना संबोधन खत्म किया। इससे पहले, मुख्यमंत्री योगी ने दो बच्चों को अन्नप्राशन कराया। उसके बाद अलीगढ़ के लिए बटन दबाकर योजनाओं का लोकार्पण किया। सीएम योगी ने लाभार्थियों के लिए लोन और छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण किया।

## अगर किसानों को लेकर कंगना का बयान निजी तो भाजपा उन्हें पार्टी से निकाले : पंजाब सीएम



**पंजाब।** भाजपा सांसद कंगना रनौत के किसानों को लेकर दिए गए बयान पर पंजाब के मुख्यमंत्री ने उन्हें पार्टी से निकालने की मांग की है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि भाजपा ने कंगना के किसानों पर दिए गए बयान को निजी बयान कहकर अपना पल्ला झाड़ा है। अभिनेत्री व हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत के किसानों के खिलाफ दिए गए बयान का पूरे पंजाब में विरोध हो रहा है। वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भाजपा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत की टिप्पणी पर असंतोष जताया है। सीएम मान ने कहा कि भाजपा ने कंगना के इस बयान को उसका निजी बयान कहकर पल्ला झाड़ लिया है। अगर सांसद कंगना का निजी बयान है तो पार्टी (भाजपा) उसे पार्टी से बाहर निकाले। पंजाब के मुख्यंत्री भगवंत मान ने कहा कि कंगना रनौत को हिमाचल प्रदेश के मंडी निर्वाचन क्षेत्र के लोगों ने अपने क्षेत्र के मुद्दों को हल करने के लिए एक सांसद के तौर पर चुना है। बावजूद कंगना ऐसे बेतुके और निराधार बयान दे रही है। एक सांसद को ऐसे बयान नहीं देने चाहिए, जिससे देश और समाज में अशांति या अस्थिरता पैदा हो। कंगना ने जो किसानों के खिलाफ बयान दिया है वह सरासर गलत बयान है। एक सांसद को ऐसे बयान नहीं देने चाहिए, जिससे किसी को ठेस पहुंचे। वहीं, भगवंत मान ने कहा कि भाजपा ने कंगना के बयान पर साधारण की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया है। बीजेपी को सिर्फ यह नहीं कहना चाहिए कि यह निजी हैसियत से दिया गया बयान है। पार्टी को अपनी सांसद पर कंट्रोल भी रखना चाहिए। मान ने कहा कि हम पंजाबी ऐसे लोग हैं कि प्यार से हमारी जान ले लो, लेकिन अगर ऐसा बेतुके बयान देंगे तो स्वाभाविक रूप से गुस्सा आएगा ही। इसलिए मैं भाजपा सरकार से कहना चाहूंगा कि वह अपने सांसदों को नियंत्रित करें। किसानों के विरोध के लिए हर तरह के बयान दिए जा रहे हैं यह असहनीय है।

## नमो भारत ट्रेन से 30 मिनट में साहिबाबाद से मेरठ पहुंच रहे यात्री, जताई खुशी



**मेरठ।** भारत की पहली रैपिड रेल 'नमो भारत ट्रेन' उत्तर प्रदेश के साहिबाबाद से मेरठ के बीच चलती है। यह सिर्फ 30 मिनट में साहिबाबाद से मेरठ पहुंच जाती है। नमो भारत ट्रेन के चलने से मेरठ के लोग काफी खुश हैं। इतने कम समय में ट्रेन का पहुंचना भारतीय रेलवे के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। नमो भारत ट्रेन मेरठ साउथ से मोदीनगर नॉर्थ, मोदीनगर साउथ, मुरादनगर, दुहाई स्टेशन, गाजियाबाद, साहिबाबाद तक चलती है। दिल्ली की तरफ सफर करने वाले लोगों को सहूलियत हो रही है। सड़क पर ट्रैफिक जाम की समस्या का अब उन्हें सामना नहीं करना पड़ रहा है। इससे यात्रियों का समय बच रहा है। रैपिडेक्स ट्रेन में लगेज रैक, सीसीटीवी कैमरे, लैपटॉप, मोबाइल चार्जिंग सुविधा, डायनेमिक रूट मैप जैसी कई सुविधाएं मौजूद हैं। मेट्रो के प्रीमियम कोच में खाने-पीने की चीजें भी यात्रियों को उपलब्ध कराई जाती हैं। नमो भारत ट्रेन में स्ट्रेचर पर मरीज ले जाने की सुविधा है। इसमें प्रत्येक स्टेशन पर पुलिस पोस्ट है। इसमें अटेंडेंट की भी व्यवस्था है। नमो भारत ट्रेन में दरवाजे बटन दबाने के बाद खुलते हैं। यात्रियों ने आईएएनएस से बुधवार को बताया कि उन्हें नमो भारत ट्रेन से काफी फायदा हो रहा है। वो बहुत आसानी से कम समय में अपने गंतव्य तक पहुंच पा रहे हैं। यात्री हिमांशु ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से नमो भारत ट्रेन काफी अच्छी है, इसमें कैमरे लगे हुए हैं। साहिबाबाद से आने में अब बहुत कम समय लगता है। निशांत नमो भारत ट्रेन में सफर कर बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा कि पहले बस से सफर करना पड़ता था, जिसमें बहुत समय लगता था। अब समय की बचत हो रही है। ट्रेन के अंदर साफ-सफाई की सुविधा भी काफी अच्छी है।

जय चंद ने कहा कि सरकार ने बहुत अच्छा काम किया है। नमो भारत ट्रेन काफी अच्छी है, इससे समय की बचत हो रही है। पहले एक से डेढ़ घंटे का समय लगता था, लेकिन अब 30 मिनट में साहिबाबाद पहुंच जाते हैं। वहीं महिला यात्री भी नमो भारत ट्रेन में सफर कर काफी खुश नजर आ रही हैं। यात्री मंजू ने कहा कि नमो भारत ट्रेन से समय की बचत हो रही है। मैं इस ट्रेन से सफर कर बहुत खुश हूं।

**Notice**

**I HAVE** Lost my Allotment Letter/ Possession Letter / Side Kabza of Plot no: C-232, Govindpuram, Ghaziabad. If anyone found, Pls contact: Kamlesh Kumari W/o Charan Singh. M: 9417060111

## गुजरात के 13 जिलों में 200 एमएम से ज्यादा बारिश

## 18 जिलों में बाढ़, 15 की जान गई, सेना तैनात





**गुजरात।** गुजरात के 13 जिलों में पिछले 24 घंटे में 200 मिमी से ज्यादा बारिश हुई। 18 जिलों में बाढ़ के हालात हैं, 5 जिलों राजकोट, आणंद, मोरबी, खेड़ा, वडोदरा और द्वारका में सेना को तैनात किया गया है। गुजरात में बाढ़-बारिश के चलते पिछले 3 दिनों में 15 लोगों की मौत हो गई। 23 हजार लोगों को रेस्क्यू किया गया है। 50 ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। अहमदाबाद, राजकोट, बोटाद, आणंद, खेड़ा, महिसागर, कराच और मोरबी में प्राइमरी-सेकेंडरी स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी कर दी गई है। बुधवार और गुरुवार को सौराष्ट्र और कच्छ में बेहद भारी बारिश का अनुमान है।

उत्तर प्रदेश में भी लखनऊ-आगरा समेत 10 जिलों में बारिश हो रही है। वाराणसी में इतनी बारिश हुई कि सड़कों पर खड़ी गाड़ियां डूब गईं। पिछले 24 घंटे में 40 जिलों में 4.7 बारिश हुई है। बलिया में सरयू नदी खतरे के निशान से 1 मीटर ऊपर बह रही है। गुजरात में 100% से ज्यादा बारिश, 2 दिन रेड अलर्ट सरकार के आंकड़ों के मुताबिक गुजरात में बारिश का कोटा पूरा हो चुका है। कच्छ, सौराष्ट्र और दक्षिण गुजरात में सालाना औसत बारिश का आंकड़ा 100 प्रतिशत से ज्यादा हो गया है। राज्य के 76 बांध और तालाब 100% भरे हुए हैं। आईएमडी ने बताया है कि सौराष्ट्र-कच्छ में 2 दिन तक बारिश का रेड अलर्ट है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी बारिश का दौर जारी रहेगा। 40-60 किमी/घंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। कई जिलों में बिजली गिरने का भी अलर्ट है। गुजरात उट भूपेंद्र पटेल ने बताया कि बाढ़ को लेकर ढट मोदी से फोन पर बात हुई है। उन्होंने बाढ़ से निपटने के लिए केंद्र से मदद मिलने का आश्वासन दिया है। उन्होंने राज्य में चल रहे राहत और बचाव कार्य की जानकारी भी ली।

## बारिश से शिमला में जगह-जगह उखड़े पेड़, राज्य के कई भागों में छह दिनों तक मौसम खराब



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कई भागों में बारिश का कहर लगातार जारी है। राजधानी शिमला में सोमवार रात हुई बारिश से भारी नुकसान हुआ है। शहर में कई जगह भारी बारिश से पेड़ उखड़ गए हैं। इससे घरों, सरकारी भवनों को नुकसान पहुंचा है। कई जगह सड़कें और रास्ते बंद हैं। भारी बारिश से जिला शिमला में दूसरे दिन भी कई रूटों पर बसें नहीं चलीं। भूस्खलन के कारण शिमला पहुंचने में लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। चक्कर के समीप ट्रक फंसने से शहर में जाम लग गया। कर्मचारियों को पैदल पहुंचना पड़ा।

शहर के समरहिल में बिजली की तारों पर एक पेड़ लटक गया। वहीं बीसीएस सेक्टर दो के पास गाड़ी पर पेड़ गिर गया। पुलिस चौकी समरहिल के पास भी पेड़ गिर गया है। छोटा शिमला स्थिति सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के भवन पर भी देवदार का विशाल पेड़ गिर गया। वहीं, हरिपुरधार से कुछ किलोमीटर दूर बियोंग के पास रात को भूस्खलन हो गया। इससे रोनहाट-हरिपुरधार-सोलन मार्ग बाधित हो गया। होली-चंबा सड़क भी खड़ामुख के पास भूस्खलन के चलते बाधित हुई है। उधर, मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से राज्य के कई भागों में 3 सितंबर तक बारिश का दौर जारी रहने का पूवार्नुमान है। 29 अगस्त के लिए कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट है। सोमवार रात को मनाली में 42.0, नारकंडा 41.5, कुफरी 39.6, जुब्बड़हट्टी 39.0, खदराला 36.4, राजगढ़ 29.2, शिमला 36.2, कसौली 22.6 और सराहन में 22.0 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...





● नई दिल्ली।। गुरुवार 29 अगस्त-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# बुधवार को दिखा गाजियाबाद में गजब का सीन, विधायक ने लगाया क्राइम बढ़ने का आरोप, तो पुलिस ने लगा दी खुलासों की झड़ी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लोनी के एक प्रकरण को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम पर सवाल खड़ा किया और आरोप लगाया कि क्राइम का ग्राफ बढ़ गया है। अपराधी खुले आम घूम रहे हैं और बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। साथ ही उन्होंने अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल उठाने वाला बयान दिया। जिस बयान के कुछ देर बाद ही पुलिस कमिश्नरेट गातिजाबाद में सिटी से लेकर देहात और ट्रांस हिंडन जोन के अलग-अलग मामलों में एक के बाद एक खुलासे शुरु हो गए। मंगलवार की रात जहां दो एनकाउंटर हुए तो बुधवार को भी दिन दहाड़े पुलिस की गोली चली। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस ने तीन मामलों में हाफ एनकाउंटर करने का काम किया। तो सिटी थानाक्षेत्र में चार मामलों के खुलासे के लिए प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई। तो वहीं ट्रांस इंडियन जोन में भी दो मामलों पर डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन निमिष दशरथ पाटिल द्वारा खुलासा कर घटनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

## डीसीपी सिटी ने किया चार मामलों का खुलासा | तो ट्रांस हिडन में हुए तीन खुलासे | कमिश्नरेट पुलिस ने किए तीन एनकाउंटर

### इधर आया विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर का बयान, उधर पुलिस ने खोला कई घटनाओं का राज



**करंट क्राइम।** बुधवार को लोनी बॉर्डर थाने की एक कॉलोनी में रहने वाली किशोरी के साथ धर्म विशेष के आरोपी युवक का पुराना मामला था। इसको लेकर विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर ने देहात पुलिस की वर्किंग पर सवाल उठाया। साथ ही उन्होंने कहा कि किशोरी जैसे ही कोर्ट के बाहर निकली उसके साथ धमकी और मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया गया। पीड़िता ने पुलिस आयुक्त से मामले की शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उधर विधायक नंदकिशोर गुर्जर का कहना है कि जिस तरीके से उन्होंने मंगलवार को रोहिंग्या और बंग्लादेशियों को लेकर बयान दिया था। उसको पुलिस गंभीरता से नहीं ले रही है। इधर विधायक का यह बयान वाला चैप्टर खत्म हुआ, तो गाजियाबाद पुलिस ने एक के बाद एक कई अपराधियों के मैटर खोल डालें।

## सिटी से लेकर नदियापार के तीन मामलों में पुलिस ने किए एनकाउंटर

### मामला-एक
### यूट्यूबर के घर हुई चोरी का खुलासा, एनकाउंटर में बदमाश के लगी गोली



**करंट क्राइम।** एसीपी सिटी रितेश त्रिपाठी ने बताया है कि सिटी जोन में विजयनगर थाना पुलिस ने यूट्यूबर पत्रकार राहुल हुड्डा के राहुल विहार स्थित घर में हुई लाखों रुपए की चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इसमें एक बदमाश जावेद गोली लगने से घायल हुआ है, जो मूलरूप से दादरी निवासी है। इसके साथ ही पुलिस ने सलमान निवासी जहांगीरपुरी दिल्ली को भी पकड़ा है। दोनों शातिर किस्म के अपराधी हैं। पुलिस ने गैंगस्टरों से चोरी हुआ एक प्रोफेशनल कैमरा, ब्रेजा गाड़ी और अन्य कीमती सामान बरामद किया है। पुलिस ने बताया है कि जो गाड़ी बरामद हुई है, वह 8 अगस्त को सूरजपुर इलाके से चोरी हुई थी। पुलिस ने जो कैमरा बरामद किया है उसकी कीमत भी लगभग 3 लाख रुपये की है।

### मामला-दो
### वैगनरआर कार सवार लुटेरों के साथ हुई पुलिस की मुठभेड़



**करंट क्राइम।** एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि पिछले दिनों तीन बदमाशों ने व्यक्ति की कार लूट ली थी। मंगलवार की रात टीम खन्ना नगर चेकिंग कर रही थी, पुलिस ने चेकिंग के दौरान बदमाशों को मुठभेड़ के बाद पड़ा है। जिसमें निकेश निवासी छपरौली बागपत के रूप में ही है। इसके अन्य दो साथियों के नाम व पते पुलिस पता कर रही है। पुलिस ने लूटी हुई कार भी बरामद कर ली है।

### मामला-तीन
### साहिबाबाद पुलिस ने दिनदहाड़े दबोचा लुटेरा



**करंट क्राइम।** लूटपाट करने वाले रिजवान उर्फ बॉडीगार्ड नाम के लुटेरे को निवासी पिलखुवा को दबोचा है। पुलिस बुधवार को फरुखनगर मार्ग पर चेकिंग कर रही थी, इसी दौरान रिजवान उर्फ बॉडीगार्ड पुलिस को देखकर भाग लगा। पुलिस ने उसका पीछा किया, इस दौरान पुलिस और बदमाशों के बीच फायरिंग हुई। पुलिस ने रिजवान को गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी रिजवान अपने दो साथियों साथ चौकी क्षेत्र सीमा बॉर्डर और 24 तारीख को ही ट्रक लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने इससे एक स्प्लेंडर बाइक, तमंचा- कारतूस व खोखे बरामद किए हैं।

# पति को फंसाने के लिए पत्नी ने ही रचा था एसिड अटैक का षड्यंत्र

## पुलिस ने पीड़िता समेत तीन को भेजा जेल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डीसीपी सिटी और नंदग्राम पुलिस ने नंदग्राम थानाक्षेत्र की राजनगर एक्सटेंशन की एक नामी सोसायटी में रहने वाली महिला पर हुए एसिड अटैक के षड्यंत्र के मामले का खुलासा किया है। दरअसल इस मामले में आरोपी कोइ और नहीं खुद वहीं महिला भी निकली, जिसने खुद पर हमले का आरोप लगाया था।

बता दें कि प्रियंका नाम की महिला ने एसिड अटैक होने की पुलिस को सूचना देने के साथ ही शिकायत दर्ज कराई थी। यह पूरा मामला फर्जी निकला। पुलिस ने दावा किया है कि महिला के साथ एसिड अटैक नहीं हुआ था। उसने अपने पति अर्पित कौशिक को फंसाने के लिए इस पूरा फर्जी घटना का षड्यंत्र रचा था। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें अंकित, पुलकित त्यागी और प्रियंका गिरफ्तार हैं। इसमें अंकित मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र का रहने वाला है, तो पुलकित त्यागी दिल्ली वजीराबाद का रहने वाला है। डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार, एसीपी नंदग्राम कार्यवाहक सलोनी अग्रवाल व थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी।

### लव मैरिज के बाद पति-पत्नी में चल रहा था दो साल से विवाद

### महिला ने प्रेमी और कैब ड्राइवर को किया था षड्यंत्र में शामिल



**करंट क्राइम।** पुलिस के अधिकारियों ने बताया है कि प्रियंका की शादी वर्ष 2018 में अर्पित कौशिक से लव मैरिज हुई थी। उसके बाद से दोनों के बीच विवाद चल रहा था। 2024 फरवरी में पुलकित त्यागी और प्रियंका शर्मा की मुलाकात हुई। पुलकित पहले से शादीशुदा था, दोनों के बीच दोस्ती हो गई लेकिन प्रियंका का अर्पित से तलाक नहीं हो पा रहा था। बताया जा रहा है कि प्रियंका ने अपने पूर्व परिचित ड्राइवर की उबर किराए पर बुक की और अंकित व पुलकित को को षड्यंत्र के तहत शामिल किया। अंकित के माध्यम से मालीवाड़ा स्थित राजेंद्र की दुकान से एसिड पूर्व में खरीद कर ले आई थी। पुलिस को उसने बताया था कि उसकी पीठ डैमेज हो गई है। दरअसल महिला चाहती थी कि उसका पति से तलाक हो जाए और वह जेल चला जाए इसीलिए उसने पूरा नाटक रचा था।

### सीसीटीवी और फोन कॉल से खुला घटना का राज



**करंट क्राइम।** पुलिस ने बताया है कि प्रियंका ने 20 मिनट के दौरान ही पुलकित को 50 कॉल किए थे। पुलिस को इसी बात को लेकर शक हुआ, पुलिस ने जब इस पूरे मामले में प्रियंका को हिरासत में लेकर उससे ही पूछताछ शुरू की तो उसने कई राज खोले। इस मामले में पुलिस ने अंकित, अर्पित और उसके दोस्त विपिन का नाम भी सामने लाया है। वहीं पुलिस का कहना है कि अर्पित का अपनी ही सोसाइटी में रहने वाली एक महिला से संबंध थे। यह बात प्रियंका जान गई थी, इसी वजह से वह पुलकित के करीब रहती थी।

# कौन था वो बड़ा व्यवसायी जिसने दिया था रमेश चंद तोमर और बालेश्वर त्यागी को चुनावी चंदा

### पूर्व मंत्री ने इस तरह बताया मदद करने का आडवाणी जी का फंडा



**राजनीतिक शुचिता का एक दौर हुआ करता था। राजनीतिक ईमानदारी का जिक्र करते हुए पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने राजनीतिक सुचिता का हवाला देते हुए कैसे हैं (थे) वे लोग? के साथ एक घटना साझा की।**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीतिक शुचिता का एक दौर हुआ करता था। इस दौर में चुनाव लड़ने के लिए चंदा तो लिया जाता था लेकिन यह चंदा पार्टी उपलब्ध कराती थी और आज जब चुनाव में करोड़ो रुपए खर्च होते हैं तब चुनाव भी उम्मीदवार को पार्टी लडती है और उसके बैनर पोस्टर तक की व्यवस्था पार्टी कराती है। राजनीतिक ईमानदारी का जिक्र करते हुए पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने राजनीतिक सुचिता का हवाला देते हुए कैसे हैं (थे) वे लोग? के साथ एक घटना साझा की। उन्होंने लिखा है कि कैसे हैं (थे) वे लोग? एक घटना साझा करना चाहता हूं। 1991 के विधान सभा चुनाव की बात है। मैं विधान सभा और डॉ. रमेशचंद तोमर लोक सभा के प्रत्याशी थे। घण्टाघर रामलीला मैदान में जन सभा थी। लालकृष्ण आडवाणी सभा को सम्बोधित करने आये थे।

सभा के बाद आडवाणी जी को कविनगर में जीडीए के गेस्ट हाउस में ठहराया गया था। वहीं उनका भोजन था। सभा समाप्ति के बाद हम भी आडवाणी से मिलने गेस्ट हाउस गए। पार्टी के एक बड़े पदाधिकारी ने आडवाणी जी से कहा कि गाजियाबाद के एक बड़े व्यवसायी आपसे मिलना चाहते हैं।

आडवाणी जी ने मिलने का कारण पूछा? उन्होंने कहा कि वह चुनावों के लिए सहयोग राशि देना चाहते हैं। आडवाणी जी ने मेरा और तोमर जी का नाम लेकर कहा कि इन्हें दिलवाइये ,ये हमारे प्रत्याशी हैं । इनकी मदद कराइये ! उक्त पदाधिकारी ने कहा कि इन्हें तो वह देंगे ही लेकिन राज्यभर के लिए भी कुछ सहयोग करना चाहते हैं।

आडवाणी जी ने मना कर दिया और कहा कि पार्टी में कुछ लोग तो ऐसे भी होने चाहिए जिनके लिए कहा जा सके वह किसी से कोई सहयोग राशि स्वीकार नहीं करते। इस तरह से पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने राजनीति सुचिता के दौर को समझाया और ये भी बताया कि कब लोग अपने उम्मीदवारों की मदद इस तरह से करते थे और राजनीति में एक चरित्र होता था।

# शहर विधानसभा की रिक्त सीट पर होने वाला उपचुनाव है निकट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनाव एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें दोनों तरफ से तराना एक रहता है। तैयारी एक रहती है और तैयारी से पहले दावेदारी होती है। शहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है। ये भाजपा की वो सीट है जिसे वो लगातार दो चुनावों से जीत रही है। भाजपा ने इस बार शहर सीट के विधायक अतुल गर्ग को लोकसभा उम्मीदवार बनाया था। अतुल गर्ग ने बड़ी जीत हासिल की है और वो लोकसभा सांसद हो गये है। उनके इस्तीफे के बाद ये सीट रिक्त हो गई है। अतुल गर्ग विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे चुके है और यहां चुनाव होने हैं। चुनावी दावेदारी का मेला भाजपा के यहां तो दिखाई दे रहा है लेकिन विपक्ष में अभी जोश नहीं है। लोकसभा चुनावों के बाद विपक्ष पूरे जोश में है और वो एक उत्साह से लबरेज है। वो आक्सीजन लिये हुए है लेकिन उसकी दावेदारी का वो उत्साह नजर नहीं आ रहा है। विपक्ष की राजनीति के बड़े चेहरे चुनाव निकट होने के बाद भी अभी तक अपनी दावेदारी को प्रकट नहीं कर रहे है। शहर सीट पर ब्राह्मण फैक्टर मजबूत बताया जा रहा है और यहां विपक्ष के ब्राह्मण चेहरों की बात करें तो दो पूर्व विधायक और एक चुनाव लड़ने का अनुभवी चेहरा इसी समाज से आते है। लेकिन ये चेहरे अभी साईलेंट है। आखिर पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी , पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा और मेयर से लेकर लोकसभा का चुनाव लड चुकी डॉली शर्मा क्यों साईलेंट मोड पर हैं। अभी इनकी दावेदारी वाली कोई एक्टिविटी दिखाई नही दे रही है। इन दावेदार चेहरों ने खामोशी साधी हुई है। आखिर ये अपनी दावेदारी कब प्रकट करेंगे।




## लेकिन अमरपाल शर्मा-सुरेन्द्र मुन्नी-डॉली शर्मा क्यों नहीं कर रहे हैं दावेदारी को प्रकट

### तीन बार विधायक चुनाव जीतने वाले सुरेन्द्र मुन्नी क्यों हैं साईलेंट



**करंट क्राइम।** दावेदारी की बात करें तो शहर सीट पर पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी अपने एक प्रोफाईल के साथ हैं। वो स्वच्छ राजनीति के चेहरे माने जाते हैं। उनके पिता स्वर्गीय प्यारे लाल शर्मा बड़े जनसेवक रहे। वो हर साल अपने स्व० पिता की पुण्यतिथि एवं जन्मतिथि पर कार्यक्रम आयोजित करते हैं। शहरी कल्चर की सियासत के सौम्य चेहरों में सुरेन्द्र मुन्नी की गिनती होती है। जबरदस्त चुनावी खिलाड़ी माने जाते हैं। चुनाव में हार और जीत अलग विषय है लेकिन चुनाव को चुनाव के तरीके से लड़ना सुरेन्द्र मुन्नी जानते है। सुरेन्द्र मुन्नी जैसा चेहरा अभी खामोश है। हालांकि यहां पर एक पेंच ये भी है कि सुरेन्द्र मुन्नी पिछला चुनाव रालोद के टिकट पर लडे थे और रालोद ने बाद में भाजपा से हाथ मिला लिया था तो ऐसे में पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी अभी रालोद में है या समाजवादी पार्टी में आ गये हैं ये स्पष्ट नहीं है। राजनीति के खिलाडी चुनाव से पहले सबकुछ अपडेट नहीं करते हैं तो फिर एक संशय पैदा होता है।

### लोकसभा और मेयर चुनाव लड़ने वाली डॉली शर्मा क्या लड़ेंगी विधानसभा चुनाव



**करंट क्राइम।** कांग्रेस की डॉली शर्मा ने कम समय में एक बड़ा मुकाम बनाया है। हालांकि वो सारे चुनाव हारी हैं लेकिन चुनाव हारने के बाद भी वो अपने तेवरों की वजह से छा गई हैं। उन्हें कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की गुडबुक का नेता माना जाता है। डॉली शर्मा कांग्रेस की स्टार प्रचारक वाली सूची में शामिल हैं। उनका प्रोफाईल राष्ट्रीय स्तर की राजनीति करने वाले चेहरों से मैच करता है वो एआईसीसी की मैम्बर है। वो दो बार लोकसभा का चुनाव लड़ी है और एक बार मेयर का चुनाव लड़ी हैं। कांग्रेस के पास ये अकेला ऐसा चेहरा है जो चुनावी तेवरों की धार लिए हुए है। वो विधानसभा का उपचुनाव लड़ेंगी या नहीं लड़ेंगी इसको लेकर ना उन्होंने कुछ कहा है ना पार्टी ने कुछ कहा है। बहर हाल जैसे जैसे चुनाव के दिन पास आ रहे हैं विधानसभा में भी ये सवाल उठने लगे हैं कि क्या लोकसभा और मेयर चुनाव लड़ने वाली डॉली शर्मा शहर विधानसभा के उपचुनाव में उतरेंगी।

### दस दिन बाद चुनावी पत्ते खोलेंगे अमरपाल शर्मा



**करंट क्राइम।** अमरपाल शर्मा राजनीति के वो चेहरे हैं जो पूरी बाजी को पलटने की क्षमता रखते हैं। संघर्ष की राजनीति का दूसरा नाम है। बड़ा उलटफेर कर देने का दम उनके पास है। एक बड़े घटनाक्रम में उन्हें जेल तक जाना पड़ा लेकिन अमरपाल शर्मा ने इस गेम में जबरदस्त वापसी की। उन्होंने यहां भाजपा के गढ़ में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मोहिनी शर्मा को खोड़ा नगर पालिका का चेयरमैन चुनाव जिताकर अपनी ताकत को साबित किया। ये बड़ा उलटफेर इसलिए है क्योंकि अमरपाल शर्मा ने अपनी पत्नी मोहिनी शर्मा को मैदान में उतारा और उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में उतरकर भाजपा उम्मीदवार को हरा दिया। इसके बाद अमरपाल शर्मा ने राजनीति की दूसरी ताल पड़ोस वाले जिले बागपत में जाकर ठोकी। उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ा और भले ही वो चुनाव हार गये लेकिन उनकी टीआरपी का मुलाहिजा हुआ। देश की सबसे बड़ी विधानसभा के सबसे पहले विधायक रहे अमरपाल शर्मा फिलहाल खामोश हैं। सूत्र बताते हैं कि वो दस दिन बार दावेदारी के पत्ते खोलेंगे। तब पता चलेगा कि वो इस चुनावी अखाडे में क्या रणनीति लेकर आ रहे है।

### भाजपा में बायोडाटा दावेदार पहुंचे अब तक 56

**करंट क्राइम।** दावेदारी का मेला ही भाजपा में लग रहा है। जहां दूसरे दलों के दफ्तर पर शांति है वहीं भाजपा के चुनावी दफ्तर पर दावेदारी की क्रान्ति है। भाजपा में अब तक 56 बायोडाटा का सीन हो चुका है। दावेदार ध्वज प्रणाम वालों से लेकर लखनऊ सलाम तक की रेस लगा रहे है। अपने संघर्ष की दास्तां बता रहे हैं। वो बताना नहीं भूलते कि हम फलाने आंदोलन में पिटे थे। हम जेल गये थे। हमने उस आंदोलन में पुलिस के डंडे खाये थे। यानि की हम जेल गये हम पिटे और हमने डंडे खाये, इसलिए हमें टिकट दे दो। दावेदारी के तरानों में सीनियरटी का भी तराना है कि मैं इतना पुराना कार्यकर्ता हूं। वो टिकट मांग रहे है चुनाव निकट है। पंजाबी समाज से लेकर ब्राह्मण समाज की दावेदारी है। वैश्य समाज का अपना जोर है और दावेदारी का सबसे बड़ा शोर भी भाजपा मे है।

## संपादकीय

# भारत-अमेरिका साथ-साथ

पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा पर दिखी अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रियाओं को ध्यान में रखते हुए अगर सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ हुई उनकी फोन वार्ता पर गौर करें तो हाल की यूक्रेन यात्रा की सार्थकता ज्यादा स्पष्ट रूप में सामने आती है। यूक्रेन यात्रा ने उन गलतफहमियों को भी खत्म कर दिया है, जो रूस यात्रा के बाद खास तौर पर पश्चिमी हलकों में दिखाई देने लगी थीं।

पीएम मोदी की रूस यात्रा की टाइमिंग को लेकर अमेरिका में भी सवाल उठाए गए थे। एक तो वह यात्रा अमेरिका में नैटो देशों की प्रस्तावित बैठक के ठीक पहले हुई थी, दूसरे वह मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में हुई उनकी पहली विदेश यात्रा होने की वजह से भी अहम मानी गई थी। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भी तब पीएम मोदी की रूस यात्रा पर खुले रूप में नाखुशी जताई थी। इसके बरक्स सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन की पहल पर हुई फोन वार्ता इस बात का साफ संकेत है कि जो भी गलतफहमियां रही हों, वे पूरी तरह मिट चुकी हैं। हालांकि भारत पहले दिन से अपने इस रुख पर अडिग रहा है कि वह बातचीत के जरिए जल्द से जल्द शांति स्थापित करने के पक्ष में है। पीएम मोदी ने रूस में राष्ट्रपति पूतिन से भी कहा था कि युद्ध के मैदान से कोई स्थायी समाधान नहीं निकल सकता, और यूक्रेन में राष्ट्रपति जेलेंस्की को भी सुझाव दिया कि जल्द शांति स्थापित करने के लिए वह रूस से बातचीत करें।

दोनों नेताओं की फोन वार्ता में बांग्लादेश का जिक्र आना कई लिहाज से अहम है। पड़ोस का यह मुल्क जिस तरह के हालात से गुजर रहा है, उसे लेकर आशंकाएं स्वाभाविक हैं। ऐसे में भारत और अमेरिका दोनों देशों का अपनी चिंताएं साझा करना मायने रखता है। पीएम मोदी की ओर से बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा का मसला उठाना जाहिर करता है कि अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के आश्वासन के बावजूद इस मामले में भारत की चिंता दूर नहीं हुई है। जिस तरह से तथ्यों के विपरीत जाकर बांग्लादेश के कुछ नेता बाढ़ के लिए भारत पर उंगली उठाने की कोशिश कर रहे हैं, वह भी बताता है कि वहां भारत के खिलाफ माहौल बनाने वाले तत्व अब भी सक्रिय हैं।

यह फोन वार्ता ऐसे समय हुई है, जब कुछ ही दिनों बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान मोदी और बाइडन मिलने वाले हैं। उसी बीच, क्वॉड देशों की बैठक भी प्रस्तावित है। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रिश्तों में हो रही प्रगति की भी समीक्षा की। कुल मिलाकर, इस बातचीत ने दोनों देशों के रिश्तों की सहजता को रेखांकित किया है।

# जन धन योजना : नीति आयोग के सीईओ ने बताया, चार साल के काम को पांच महीने में कैसे किया पूरा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के 10 साल पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आज के दिन को देश के लिए एक ऐतिहासिक बताया और उन्होंने सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं भी दी हैं। इस बीच प्रधानमंत्री जन धन योजना के 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर नीति आयोग के सीईओ ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने याद किया कि किस तरह से योजना के 4 साल के लक्ष्य को घटाकर 5 महीने का किया गया था। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने बुधवार को जन धन योजना की सफलता के दस साल के बारे में बात करते हुए कहा, 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यभार संभालने के तुरंत बाद अधिकारियों की शुरूआती ब्रीफिंग के दौरान जन धन योजना का कॉन्सेप्ट सामने आया था। जन धन योजना के शुभारंभ से पहले की घटनाओं का जिक्र करते हुए बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा, पीएम मोदी हर किसी से पूछते रहते थे कि हर घर को कवर करने में कितना समय लगेगा? जब प्रधानमंत्री ने यह सवाल आरबीआई गवर्नर से पूछा तो उन्होंने अनुमान लगाया कि इसमें चार साल लगेंगे। सुब्रह्मण्यम बताते हैं कि पीएमओ में कुछ अन्य अधिकारियों ने सुझाव दिया कि इसमें दो साल लग सकते हैं। लेकिन, उन्होंने खुद कहा था कि इसमें कम से कम एक साल लगेगा। सुब्रह्मण्यम ने बताया, 15 अगस्त को सभी लोग उस समय हैरान हो गए, जब पीएम मोदी ने घोषणा कर दी कि यह काम 26 जनवरी तक पूरा हो जाएगा। जिस परियोजना के लिए चार साल का अनुमान लगाया गया था, वह केवल पांच महीनों में ही पूरी हो गई। इससे हम सभी हैरान रह गए। उन्होंने आगे बताया कि विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने पीएम मोदी द्वारा निर्धारित इस महत्वाकांक्षी समय सीमा को पूरा करने के लिए दिन-रात काम किया। उनकी कड़ी मेहनत रंग लाई और लक्ष्य को निर्धारित समय से पहले ही हासिल कर लिया गया, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि लगभग 12 करोड़ लोग, जो बैंकिंग सुविधाओं से वंचित हैं, उन्हें इस योजना के लॉन्च होने के 5 महीने के अंदर ही इससे जोड़ा गया। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 अगस्त 2014 को प्रधानमंत्री जन धन योजना को शुरू किया था। इसके तहत देश के प्रत्येक परिवार को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ा गया। इस योजना के समय बीवीआर सुब्रह्मण्यम, प्रधानमंत्री कार्यालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत थे।

# विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए करेंगे विदेश का दौरा



**नई दिल्ली।** भोपाल, 28 अगस्त (आईएएनएस)। मध्य प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए कोशिशों का दौर जारी है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि उनकी सरकार निवेशकों के भरोसे पर खरा उतरेगी। साथ ही विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए वो विदेश का दौरा भी करेंगे। ग्वालियर में आयोजित रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव को लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा, इस इन्वेस्टर समिट में अब तक हुए सभी इन्वेस्टर समिट से बेहतर परिणाम आने की उम्मीद है। क्षेत्रीय स्तर पर औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश के विभिन्न भागों में की जा रही इन्वेस्टर समिट के परिणाम प्रोत्साहित करने वाले हैं। उद्योग समूहों और निवेशकों ने मध्य प्रदेश सरकार पर भरोसा जताया है। राज्य सरकार उनकी अपेक्षाओं पर खरी उतरने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, इन्वेस्टर समिट प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हमारा प्रयास है कि प्रदेश के उद्योगपति भी अपनी गतिविधियों को विस्तार दें और प्रदेश के युवा अपने उद्यम आरंभ करें, राज्य सरकार हर संभव सहयोग देने के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री यादव ने आगे कहा कि समिट जीडीपी बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। समिट में शिक्षा, एमएसएमई ,भारी उद्योग और कृषि अभियांत्रिकी सहित सभी सेक्टर को शामिल किया गया है। राज्य सरकार ने उद्योग और उद्यमशीलता में युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष अभियान आरंभ किया है, इसके अंतर्गत गतिविधियां जारी है। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि प्रदेश में निवेश और औद्योगिक गतिविधियों के लिए उद्योगपतियों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से वे कोलकाता में सितंबर में रोड शो करेंगे। इसके साथ ही 27-28 सितंबर को सागर और अक्टूबर में रीवा में भी इन्वेस्टर समिट होगा। प्रदेश में विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए नवंबर माह में विदेश यात्रा भी प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता का विषय है कि प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहन के लिए लागू की गई नीतियों और व्यवस्था के प्रति उद्योगपति और निवेशक विश्वास व्यक्त कर रहे हैं। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री यादव राज्य में निवेश को बढ़ाने के लिए प्रदेश के बाहर भी जा रहे हैं, वहीं राज्य में अब तक उज्जैन तथा जबलपुर में क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किए जा चुके हैं।

# ऑल-टाइम हाई पर शेयर बाजार, आईटी शेयरों में खरीदारी



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए बुधवार का कारोबारी सत्र अब तक मुनाफे वाला रहा है। आईटी शेयरों में तेजी के कारण निफ्टी ऑल-टाइम हाई पर कारोबार पर रहा है। अब तक के कारोबार में निफ्टी ने 25,114 का नया ऑल-टाइम हाई बनाया है, जो कि पहले 25,078 था। दोपहर 1:46 पर सेंसेक्स 253 अंक या 0.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 81,964 और निफ्टी 83 अंक या 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,102 पर था। शेयर बाजार में तेजी की वजह आईटी शेयरों में रैली है। इसके कारण निफ्टी आईटी इंडेक्स ने भी नया ऑल-टाइम हाई 42,712 बनाया है। लार्जकैप की तुलना में मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हल्की तेजी है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 71 अंक या 0.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 59,291 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 55 अंक या 0.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,389 पर था। खबर लिखे जाने तक निफ्टी आईटी (2.25 प्रतिशत), निफ्टी फार्मा (1.01 प्रतिशत), निफ्टी सर्विस सेक्टर (0.55 प्रतिशत) और निफ्टी इन्फ्रा (0.28 प्रतिशत) सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। निफ्टी पीएसयू बैंक (0.28 प्रतिशत), निफ्टी रियल्टी (0.28 प्रतिशत) और निफ्टी मीडिया (0.38 प्रतिशत) दबाव के साथ कारोबार कर रहे थे।

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य संगठन ने की सराहना

**मुंबई।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत भारत में गांवों में बड़े स्तर पर एलपीजी सिलेंडर दिए जाने के कारण लकड़ी और कोयले के चूल्हों से होने वाले प्रदूषण में कमी आई है और इससे सालाना करीब 1.5 लाख जीवन को बचाने में मदद मिल रही है। वैश्विक स्वास्थ्य संस्था वाइटल स्ट्रेटेजीज की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में जोर देकर कहा गया गया है कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी पर दी जा रही सब्सिडी नागरिकों के स्वास्थ्य को देखते हुए बिल्कुल उचित है, क्योंकि चूल्हों से घरों के अंदर और बाहर वायु प्रदूषण होता है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि घरों में होने वाला वायु प्रदूषण भारत में होने वाले वायु प्रदूषण के प्रमुख स्त्रोतों में से एक है। इससे ग्रामीण लोगों की सेहत पर तो असर पड़ता ही है, शहरी इलाकों में वायु की गुणवत्ता भी खराब होती है। एलपीजी जैसी स्वच्छ ऊर्जा के घरों में इस्तेमाल से घरों में वायु प्रदूषण कम होगा और पब्लिक हेल्थ में सुधार होगा। रिपोर्ट में कहा गया, पीएमयूवाई प्रोग्राम सरकार का गरीब परिवारों तक स्वच्छ ऊर्जा पहुंचाने का एक फ्लैगशिप प्रोग्राम है। इससे गरीब परिवार तक एलपीजी पहुंचाने में अभूतपूर्व सफलता मिली है। स्टडी में कहा गया कि सरकार की योजना के कारण जनता को 37 लाख हेल्दी इयर्स का फायदा हुआ है। रिपोर्ट में बताया गया कि एलपीजी के अधिक उपयोग के कारण प्रदूषण स्तर में कमी आई है, जो तेलंगाना में 4 प्रतिशत से लेकर बिहार में 28 प्रतिशत तक है। इस महीने की शुरूआत में केंद्रीय पेट्रोलियम और नेचुरल गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने लोकसभा में बताया था कि पीएमयूवाई के तहत 10.33 करोड़ (1 अगस्त, 2024 तक) डिपॉजिट-फ्री एलपीजी कनेक्शन बांटे जा चुके हैं।

## राशिफल

**मेष :** ऐसी गतिविधियों में लिप्त हों जो रोमांचक हों और आपको सुकून दें। आर्थिक सुधार निश्चित है। परिवार के सदस्यों के साथ कुछ सुकून भरे पल बिताएं।

**वृष :** आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। इस राशि के लोगों के लिए आज आय के नए रास्ते खुलेंगे।

**मिथुन :** आज आपके पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। प्रियतम की तबीयत खराब होने के कारण रोमांस से किनारा करना पड़ सकता है।

**कर्क :** चोट से बचने के लिए सावधानी से बैठें। कमर सीधी करके बैठने से न सिर्फ पर्सनालिटी में निखार आता है, सेहत और आत्मविश्वास का स्तर भी बढ़ता है।

**सिंह :** आज आपको अपनी प्रतिष्ठा बढ़ाने के कई मौके मिल सकते हैं, लेकिन उन पर ध्यान देने से ही आपका काम बन जाएगा।

**कन्या :** आज आपके प्रेम संबंध एक नया मोड़ ले सकते हैं। जल्दबाजी में निवेश न करें। हर संभव कोण से देखा जाए तो नुकसान हो सकता है।

**तुला :** आपको अपनी योजनाओं को इस तरह से लागू करना चाहिए कि यह दूसरों के लिए काम करे। निवेश के लिए दिन अच्छा है।

**वृश्चिक :** आज आपको करियर में कई सुनहरे अवसर मिलेंगे। आज नौकरीपेशा लोगों को वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

**धनु :** आज विदेश से मनचाही कंपनी से नौकरी का ऑफर आ सकता है, लेकिन आपको सोच-समझकर इसमें शामिल होना चाहिए।

**मकर :** यात्रा आपको थकान और तनाव देगी आर्थिक रूप से फायदेमंद साबित होगी। सकारात्मक सोच, बातचीत के माध्यम से अपनी उपयोगिता शक्ति का विकास करें।

**कुंभ :** आज नौकरीपेशा लोगों को विशेष सफलता मिल सकती है। ऑफिस में आज किसी बड़े अधिकारी का सहयोग मिलेगा।

**मीन :** आज आपको किसी शुभ कार्य में शामिल होने का अवसर मिल सकता है। हो सकता है माता-पिता ने आपकी बात को गलत समझा हो।

## चुटकुले

पप्पू : असली सुख क्या है?
फेकू : सर्दियों में आलू के पराठे हरी चटनी के साथ खाकर,
धूप में मगरमच्छ की तरह पड़े रहने में जो सुख है..
उसे ही असली सुख कहा गया है!

---

भिखारी-बेटा कुछ दे दे
संता-दे दूंगा तो मुझे क्या मिलेगा
भिखारी-बेटा तुझे स्वर्ग मिलेगा
संता-तो चलो मैं तुम्हें दिल्ली देता हूं
भिखारी-अबे दिल्ली क्या तेरी है जो मुझे दे रहा है
संता-तो स्वर्ग तेरे बाप का है क्या जो प्लॉट काट रहा है!

---

टैक्सीवाला - साहब, ब्रेक फेल हो गये है, गाड़ी रूक ही नहीं रही हैं, क्या करू?
सवारी - पहले तू मीटर बंद कर दे.!

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया में सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाने वाला पासवर्ड 123456 है।
- रिपोर्ट के अनुसार, होशियार लोग अपने आप से बातें करते हैं।
- जुराब यानि मोजे पहन कर सोने वाले लोग रात में बहुत कम बार जागते हैं या बिलकुल नहीं जागते हैं।
- कोई भी अपने आप को सांस रोक कर नहीं मार सकता है।
- जरुरत से ज्यादा टेंशन आपके दिमाग को कुछ समय के लिए बंद कर सकती है।
- चीनी को चोट पर लगाया जाता है, तो दर्द तुरंत कम हो जाता है।
- शीर्ष दूध पीने वाला देश फिनलैंड में लगभग 95 गैलन दूध / व्यक्ति / वर्ष है। शीर्ष 5 देश दूध पीने के मामले में सबसे ऊपर हैं, फिनलैंड (361.1 9 किलो), स्वीडन (355.86 किलो), नीदरलैंड (320.15 किलो), स्विट्जरलैंड (315 किलो) और ग्रीस (314.6 9 किलो) हैं।
- एक प्रकार का प्लास्टिक बनाने के लिए दूध का उपयोग किया जा सकता है जो गंधहीन, बायोडिग्रेडेबल, एंस्टीटिक, पानी में अघुलनशील और लगभग गैर ज्वलनशील है।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# पीवी सिंधु, भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी, जिन्होंने 28 अगस्त को दर्ज की थी खास उपलब्धि



**नई दिल्ली।** भारतीय खेल इतिहास में 28 अगस्त का दिन काफी महत्वपूर्ण है। इस दिन पी.वी. सिंधु ने बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। पीवी सिंधु जिनका पूरा नाम पुसरला वेंकट सिंधु है, ने भारत को बैडमिंटन के विश्व मानचित्र पर स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय स्तर के वॉलीबॉल खिलाड़ियों की बेटी सिंधु ने आठ साल की उम्र में बैडमिंटन खेलना शुरू किया। भारतीय बैडमिंटन के दिग्गज पुलेला गोपीचंद के मार्गदर्शन में, उनकी प्रतिभा निखरने लगी और उन्होंने जूनियर स्तर पर कई खिताब जीते। उन्होंने 2014 में कॉमनवेल्थ गेम्स में महिला सिंगल्स में कांस्य पदक जीता और उसी साल वह उस टीम का भी हिस्सा थीं जिसने वर्ल्ड विमेंस टीम चैंपियनशिप में तीसरा स्थान हासिल किया था। सिंधु ने 2016 के रियो ओलंपिक में इतिहास रचते हुए सिल्वर मेडल जीता था। वह फाइनल में स्पेन की कैरोलिना मारिन से हार गईं थी, लेकिन उनका सिल्वर मेडल भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि साबित हुआ। वह ओलंपिक में बैडमिंटन में सिल्वर मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। यहां से पीवी सिंधु एक लीजेंड बन चुकी थीं। अगले साल यानी 2017 में उन्होंने 28 अगस्त के ही दिन वर्ल्ड चैंपियनशिप में फिर से सिल्वर मेडल जीता था। सिंधु के लिए यह उपलब्धि काफी खास थी क्योंकि वह पहली बार वर्ल्ड चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंची थीं। उस ऐतिहासिक फाइनल में, उनको अपनी पुरानी प्रतिद्वंद्वी जापान की नोजोमी ओकुहारा से हार मिली थी। पीवी सिंधु 2018 में फिर से फाइनल में पहुंचीं। इस बार कैरोलिना मारिन ने उनको हराया। सिंधु को फिर से सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। आखिरकार 2019 में गोल्ड मेडल का तिलिस्म भी टूट गया। यह पीवी सिंधु का लगातार तीसरा विश्व चैंपियनशिप फाइनल था। इस बार उन्होंने ओकुहारा को 38 मिनट में हराकर विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप जीती। वह ऐसा करने वाली पहली भारतीय बनी थीं। सिंधु ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में भी कांस्य पदक जीता है।

# आईसीसी के नए अध्यक्ष बनने पर विराट कोहली ने दी जय शाह को बधाई

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह के अंततराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष बनने पर धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली ने उन्हें बधाई दी है। शाह को निर्विरोध अगला अध्यक्ष चुना गया है। वह एक दिसंबर 2024 से आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे।

### कोहली ने दी शाह को बधाई

भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने जय शाह को बधाई देते हुए बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा- जय शाह को आईसीसी चेयरमैन चुने जाने पर बहुत-बहुत बधाई। आपके भविष्य में अपार सफलता की कामना करता हूं। बता दें कि, आईसीसी के



मौजूदा अध्यक्ष ग्रेग बार्कले का कार्यकाल 30 नवंबर को समाप्त हो रहा है और इस पद के लिए नामांकन करने की अंतिम तिथि 27 अगस्त थी। शाह एकमात्र उम्मीदवार थे जिन्होंने इस पद के लिए नामांकन भरा था और उन्हें निर्विरोध अगला अध्यक्ष चुना गया है।

### 'हमारा लक्ष्य क्रिकेट को और भी प्रसिद्ध बनाना है'

आईसीसी अध्यक्ष पद पर चुने जाने के बाद जय शाह ने क्रिकेट की वैश्विक पहुंच और लोकप्रियता को आगे बढ़ाने का इरादा व्यक्त किया। शाह ने कहा- आईसीसी अध्यक्ष पद पर चुने जाने से मैं अभिभूत हूं। मैं वैश्विक क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए आईसीसी टीम और हमारे सदस्य देशों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। हम एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़े हैं जहां कई प्रारूपों के सह-अस्तित्व को संतुलित करना, नई तकनीक को अपनाने को बढ़ावा देना और हमारे प्रमुख कार्यक्रमों को नए वैश्विक बाजारों में पेश करना बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। हमारा लक्ष्य क्रिकेट को और भी प्रसिद्ध बनाना है।

# स्वीयाटेक ने ट्रिपल सेट प्वाइंट बचाया, पहले दौर में कड़े संघर्ष में राखीमोवा को हराया

**न्यूयॉर्क।** महिला विश्व नंबर 1 पोलैंड की इगा स्वीयाटेक मंगलवार को यहां आर्थर ऐश स्टेडियम में महिला एकल के पहले दौर में लकी लूजर कामिला राखीमोवा की कठिन मुकाबले में हराकर यूएस ओपन में एक बड़ी चुनौती से बच गईं। 2022 यूएस ओपन विजेता स्वीयाटेक ने फ्लशिंग मीडोज में 1 घंटे 52 मिनट में 6-4, 7-6(6) से आगे बढ़ने से पहले दूसरे सेट के टाईब्रेक में तीन सेट पॉइंट बचाए। राखीमोवा ने अपने पहले मुकाबले में कुछ पहल की, जिसमें शुरू में एकतरफा हार का खतरा था, क्योंकि स्वीयाटेक ने केवल तीन अंकों के नुकसान के साथ 4-0 की बढ़त बना ली थी। लेकिन राखीमोवा, जिन्होंने चार हफ्ते पहले वाशिंगटन में आर्यना सबालेंका को तीन सेटों



तक पहुंचाया था, ने बाकी मैच के लिए पोलिश खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी। स्वीयाटेक, जिन्होंने अब तक पांच मेजर खिताब जीते हैं, दूसरे सेट में 5-4 पर सर्विस करते हुए विश्व नंबर 104 को रोकने में असमर्थ रही और अंततः उन्हें टाईब्रेक में आगे बढ़ना पड़ा जिसमें कड़ा संघर्ष हुआ। ग्रैंड स्लैम मैचों में यह उनकी अब तक की 80वीं जीत थी। स्वीयाटेक, जिन्होंने 2020, 2022, 2023 और 2024 में फ्रेंच ओपन जीता है, अपने 2022 खिताब में दूसरा यूएस ओपन ताज जोड़ने के लिए दावेदारी पेश कर रही हैं। करियर के 22 ग्रैंड स्लैम के पहले दौर के मैचों में उनकी 21वीं जीत डारिया सैविल या क्वालीफायर एना शिबहारा के साथ दूसरे दौर की भिड़ंत तय करती है, जो पूर्व युगल नंबर 4 हैं, जिन्होंने इस साल अपना ध्यान एकल पर केंद्रित कर दिया है। मंगलवार को पहले दौर के अन्य मैचों में, संयुक्त राज्य अमेरिका की कैरोलिन डोलेहाइड ने 11वीं वरीयता प्राप्त हमवतन डेनिएल कोलिन्स को 1-6, 7-5, 6-4 से हराया, जबकि यूनाइटेड किंगडम की 31वीं वरीयता प्राप्त केटी बोल्टर को भी अलियाक्सांद्रा सासनोविच को 7-5, 6-2, 6-1 से हराने के लिए तीन सेटों तक जूझना पड़ा और 25वीं वरीयता प्राप्त अनस्तासिया पाव्ल्युचेंकोवा ने ऑस्ट्रेलिया की तायला प्रेस्टन को एक घंटे से अधिक समय में 6-2, 6-0 से हराया।

# केनिन ने पूर्व चैंपियन रादुकानु को हराया, रिबाकिना आगे बढ़ीं

## केनिन का टूर-स्तरीय जीत-हार का रिकॉर्ड वर्ष के लिए केवल 5-15 था



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका की सोफिया केनिन ने यूएस ओपन में ग्रैंड स्लैम चैंपियन के बीच करीबी मुकाबले में जीत हासिल की और पहले दौर में ब्रिटेन की एम्मा रादुकानु को 6-1, 3-6, 6-4 से हराया। अपनी पहली भिड़ंत में, 2020 ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन केनिन ने 2 घंटे और 11 मिनट के खेल के बाद 2021 यूएस ओपन टाइटलिस्ट रादुकानु को हरा दिया। केनिन का दूसरे दौर में अपनी साथी अमेरिकी, नंबर 6 वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से मुकाबला होगा। उन्होंने अपनी पिछली चार भिड़ंतों को विभाजित कर दिया है लेकिन उन्होंने 2021 के बाद से एक-दूसरे के खिलाफ नहीं खेला है। यूएस ओपन में आते ही, केनिन का टूर-स्तरीय जीत-हार का रिकॉर्ड वर्ष के लिए केवल 5-15 था। वह इससे पहले 2024 में लगातार नौ मैच हार गई थी। दूसरी ओर, रादुकानु ने इस गर्मी में अच्छा प्रदर्शन किया था, जिससे उसकी रैंकिंग अप्रैल में 303वें नंबर से बढ़कर इस सप्ताह 72वें नंबर पर पहुंच गई। डब्ल्यूटीए के अनुसार, उसने यूएस ओपन में अपने पिछले 14 मैचों में से 10 में जीत हासिल की थी, लेकिन ब्रिटिश खिलाड़ी केनिन से आगे नहीं निकल सकी। रादुकानु ने एक किशोरी और एक क्वालीफायर के रूप में 2021 यूएस ओपन महिला एकल खिताब में एक भी सेट गंवाए बिना यूएस ओपन खिताब पर कब्जा कर लिया, और ओपन युग में ऐसा करने वाली पहली पुरुष या महिला बन गईं। इससे पहले, एक अन्य ग्रैंड स्लैम चैंपियन, नंबर 4 वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना ने भी मंगलवार रात ग्रैंडस्टैंड पर ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर डेस्टेनी अयावा को 6-1, 7-6(1) से हराकर पहले दौर में जीत दर्ज की। रिबाकिना को ऐवा से आगे निकलने के लिए 1 घंटे और 22 मिनट की आवश्यकता थी, जो यूएस ओपन के मुख्य ड्रॉ में पदार्पण कर रही थी और सीजन के अपने पहले टूर-स्तरीय मुख्य ड्रॉ में भी खेल रही थी। इससे पहले दिन में, दो बार की यूएस ओपन चैंपियन जापान की नाओमी ओसाका ने पूर्व रौलां गैरो चैंपियन जेलेना ओस्टापेंको को हराया। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका ने 2018 और 2020 में यूएस ओपन जीता था। वह दो साल पहले खेल से दूर हो गई थीं। बेटी शाई को जन्म देने के बाद वह इस साल अपनी वापसी का जश्न मनाने के लिए ब्रिस्बेन पहुंचीं।

# डेविड मलान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व विश्व नंबर 1 टी20 बल्लेबाज डेविड मलान ने 37 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी सफेद गेंद श्रृंखला से बाहर होने के बाद ब्रिटिश डेली 'द टाइम्स' के साथ एक साक्षात्कार में अपने फैसले की घोषणा की। मलान जोस बटलर के साथ इंग्लैंड के केवल दो पुरुष खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने टेस्ट, वनडे और टी20 में शतक बनाए हैं। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के बावजूद, मलान पिछले साल भारत में हुए 50 ओवर के विश्व कप के बाद से इंग्लैंड के लिए नहीं खेले। उन्होंने कहा, टेस्ट क्रिकेट मेरे बड़े होने के लिए हमेशा शिखर पर रहा है। कई बार मैंने अच्छा खेला लेकिन बीच-बीच में मैं पर्याप्त अच्छा या लगातार अच्छा नहीं खेल



पाया, जो निराशाजनक था क्योंकि मुझे लगा कि मैं उससे बेहतर खिलाड़ी था। फिर, मैंने सफेद गेंद के प्रारूप में सभी अपेक्षाओं को पार कर लिया। मलान ने द टाइम्स को बताया, मैंने तीनों प्रारूपों को बेहद गंभीरता से लिया लेकिन टेस्ट क्रिकेट की तीव्रता कुछ और थी: पांच दिन और बढ़ते हुए दिन। मैं एक बड़ा प्रशिक्षक हूँ; मुझे बहुत सारी गेंदें मारना पसंद है और मैं बिल्ड-अप में कड़ी ट्रेनिंग करूंगा, और फिर दिन लंबे और गहन थे। आप स्विच ऑफ नहीं कर सकते। मैंने इसे मानसिक रूप से बहुत थका देने वाला पाया, खासकर लंबी टेस्ट सीरीज जो मैंने खेली, जहां तीसरे या चौथे टेस्ट के बाद से मेरा प्रदर्शन गिर गया। अगले महीने 37 साल के हो जाने वाले मलान ने अपने करियर में 22 टेस्ट, 30 वनडे और 62 टी20 मैच खेले और 4416 रन बनाए। उन्होंने 2017 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार टी20 डेब्यू के साथ अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य पर धूम मचा दी, जहां उन्होंने सिर्फ 44 गेंदों में 78 रन बनाए। हालाँकि, 2017-18 के एशेज दौरे के दौरान उन्होंने जॉनी बेयरस्टो के साथ साझेदारी में पर्थ में 140 रन बनाकर टेस्ट क्रिकेट में अपनी छाप छोड़ी। टी20 प्रारूप में, मलान वास्तव में अपने आप में आ गए, खासकर 2019 में इंग्लैंड की एकदिवसीय विश्व कप जीत के बाद।

# ली तू पर चार सेटों में जीत के साथ अल्काराज दूसरे दौर में पहुंचे

**न्यूयॉर्क।** कार्लोस अल्काराज ने वर्ष के आखिरी ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर ली तू को पीछे छोड़ दिया। 21 वर्षीय खिलाड़ी ने विश्व के 186वें नंबर के क्वालीफायर खिलाड़ी के खिलाफ 6-2, 4-6, 6-3, 6-1 से जीत के बाद अपनी प्रमुख मैच जीतने की लय को 15 तक बढ़ा दिया। मंगलवार देर रात की जीत अल्काराज की उनके करियर की 60वीं ग्रैंड स्लैम एकल जीत थी, जो केवल 70 मैचों में हासिल की गई एक उपलब्धि थी। वह ओपन युग में 60 बड़ी जीत हासिल करने वाले दूसरे सबसे तेज व्यक्ति हैं, केवल जॉन मैकेनरो से पीछे हैं, जिन्होंने 69 मैचों में ऐसा किया था। अल्काराज का लक्ष्य



ओपन युग में एक ही वर्ष में रौलां गैरो, विंबलडन और यूएस ओपन जीतने वाला तीसरा व्यक्ति बनना है। रॉड लेवर (1969) और राफेल नडाल (2010) ने इससे पहले यह उपलब्धि हासिल की थी। स्पैनियार्ड के लिए अगला मुकाबला 2021 यूएस ओपन क्वार्टर फाइनलिस्ट और पूर्व विश्व नंबर 22, बोटिक वैन डी जैंडस्चुल्प के खिलाफ होगा, जो संभावित रूप से दूसरा मुश्किल राउंडर है, जिन्होंने शुरूआती दौर में 2020 यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनलिस्ट और पूर्व शीर्ष -10 खिलाड़ी डेनिस शापोवालोव को हराया था। 21 वर्षीय अल्काराज ने 15 मिनट से कम समय में 4-0 की बढ़त बना ली, पहले सेट पर आसानी से कब्जा कर लिया और दूसरे सेट में ब्रेक ले लिया। लेकिन तू ने डटकर मुकाबला किया, बार-बार ब्रेक-प्वाइंट के अवसरों (दूसरे सेट में पांच में से चार) को खारिज कर दिया और सुर्खियां चुराने के लिए लगातार सर्विस गेम में अल्काराज की सर्विस को तोड़ दिया। अल्काराज ने ईएसपीएन के साथ साक्षात्कार के बाद ने एक पोस्ट में कहा मुझे यह स्वीकार करना पड़ा कि मैं दूसरा सेट हार गया और मुझे अपना दिमाग साफ करना पड़ा। मेरे पास दूसरे सेट में मौके थे जिन्हें मैंने नहीं भुनाया, लेकिन मुझे पता था कि मैं अच्छा खेल रहा था। गेंद को अच्छी तरह से हिट कर रहा था। यह कुछ गलतियाँ थीं, और मैंने तीसरे सेट में वही गलतियाँ नहीं करने की कोशिश की जो मैंने दूसरे सेट में की थी और उसके लिए इसे कठिन बनाने की कोशिश की, उसे बेसलाइन तक धकेलने और वास्तव में हर गेंद पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की। तीसरा सेट दोहराव जैसा लग रहा था, लेकिन सब कुछ 3-3 के बाद बदल गया, अल्काराज ने अंततः एक ब्रेक पॉइंट हासिल किया और आसानी से सर्विस बरकरार रख मैच में 2-1 की बढ़त बना ली। वहां से, ली तू के लिए पराजय तय हो गयी, नंबर 3 सीड लगातार अपनी रेंज ढूंढ रहा था और स्प्रिंट विनर्स तथा और जबरदस्त फोरहैंड के अपने ट्रेडमार्क मिश्रण के साथ न्यूयॉर्क की भीड़ को जीवंत कर रहा था।

# टीम में चयन नहीं होने पर रिंकू से क्या बोले थे रोहित?

## बल्लेबाज ने अब किया खुलासा

**नई दिल्ली।** युवा विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह को आईपीएल में दमदार प्रदर्शन के बावजूद टी20 विश्व कप 2024 के लिए चुने गए मुख्य भारतीय स्क्वॉड में शामिल नहीं किया गया था। उन्हें रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर टीम में शामिल किया गया था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के इस फैसले की काफी आलोचना भी हुई थी। हालांकि, अब स्टार खिलाड़ी ने खुलासा किया है कि भारतीय कप्तान ने टीम में चयन नहीं होने पर किस तरह सांत्वना दी थी।



### रोहित-रिंकू के बीच किस मुद्दे पर हुई थी चर्चा?

टी20 विश्व कप 2024 के लिए जिस वक्त बीसीसीआई ने भारतीय टीम का एलान किया था, उस दौरान आईपीएल 2024 जारी था। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम मुंबई इंडियंस के साथ मुकाबले के लिए आई थी, तब रोहित शर्मा और रिंकू सिंह की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थी। अब युवा बल्लेबाज ने बड़ा खुलासा किया है कि भारतीय कप्तान ने उनसे टीम में चयन नहीं होने पर क्या कहा था।

### स्टार बल्लेबाज ने किया बड़ा खुलासा

रिंकू सिंह ने कहा, हां वो (रोहित शर्मा) आए थे समझाने कि कोई बात नहीं, तेरी उम्र ही क्या है। विश्व कप आगे बहुत हैं। मेहनत करते रहो। हर दो साल में विश्व कप आता है, उस पर ध्यान दो। कोई दिक्कत नहीं है, परेशान मत हो। बता दें कि रिंकू फिलहाल यूपी प्रीमियर लीग में खेलते नजर आ रहे हैं। वह मेरठ मावेरिक्स की कमान संभाल रहे हैं।

### श्रीलंका दौरे पर वनडे टीम में नहीं मिली जगह

हाल ही में रिंकू सिंह का जिम्बाब्वे और श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ था। हालांकि, श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में उन्हें टीम का हिस्सा नहीं बनाया गया था। वहीं, दलीप ट्रॉफी में 61 खिलाड़ियों के पूल में भी उनका चयन नहीं हुआ। रिंकू आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हैं। टीम को आईपीएल 2024 का खिताब दिलाने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी।

# एलएलसी 4 दशकों के बाद कश्मीर में वापस ला रहा है क्रिकेट एक्शन

**श्रीनगर।** भारतीय और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सितारे चार दशकों के बाद कश्मीर में क्रिकेट खेलेंगे क्योंकि श्रीनगर का बख्शी स्टेडियम लीजेंड्स लीग क्रिकेट के अंतिम चरण की मेजबानी करेगा, जो 20 सितंबर को जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में शुरू होगा। एलएलसी 20 सितंबर को जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में शुरू होगा और अंतिम चरण श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में खेला जाएगा। फ्रेंचाइजी-आधारित टूर्नामेंट, जिसमें 200 से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे, चार शहरों - जोधपुर, सूरत, जम्मू में आयोजित किया जाएगा और अंततः 38 वर्षों के बाद श्रीनगर में क्रिकेट की वापसी होगी।



आखिरी बार श्रीनगर ने 1986 में किसी अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी की थी, जब ऑस्ट्रेलिया ने एक वनडे मैच में भारत को तीन विकेट से हराया था। छह टीमों के बीच कुल 25 मैच खेले जाएंगे और अंतिम दो टीमें 16 अक्टूबर को रोमांचक फाइनल खेलेंगी। लीग 20 सितंबर को बरकतुल्ला खान स्टेडियम, जोधपुर में शुरू होगी, जो 27 सितंबर को सूरत के लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में पहुंचेगी। तीसरा चरण 6 अक्टूबर से जम्मू के मौलाना आजाद स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला जाता है। 35 साल बाद वापसी के साथ प्रशंसकों को आखिरकार अपने पसंदीदा क्रिकेट नायकों को एक्शन में देखने का मौका मिला। एलएलसी का फाइनल 10 अक्टूबर से श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में खेला जाएगा। एलएलसी के सह-संस्थापक रमन रहेजा ने कहा, लीजेंड्स लीग क्रिकेट एक और सीजन के लिए वापस आ गया है और हम इस सीजन में कश्मीर में खेलने के लिए बहुत उत्साहित हैं।

# पुरानी दिल्ली 6 ने नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को 20 रन से हराया

**नई दिल्ली।** पुरानी दिल्ली 6 ने मंगलवार रात को नई दिल्ली के प्रतिष्ठित अरुण जेटली स्टेडियम में चल रही दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के पहले संस्करण में नार्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को 20 रनों से हराकर जीत दर्ज की। अर्पित राणा 42 (26 गेंद) और सनत सांगवान 47 (28 गेंद) ने तूफानी पारियां खेली, इससे बाद मयंक गुसाईं ने पांच छक्के लगाकर पुरानी दिल्ली 6 को 20 ओवर में 192/6 तक पहुंचाने में मदद की। इसके जवाब में नार्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स 172/7 रन ही बना सकी। पुरानी दिल्ली 6 के लिए आयुष सिंह ने पांच विकेट लिए, जिससे टीम को आसान जीत दर्ज करने



में मदद मिली। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पुरानी दिल्ली 6 ने जोरदार शुरूआत की और दोनों सलामी बल्लेबाजों ने गेंदबाजों को जमकर पीटा। अर्पित और सनत दोनों ने छह-छह चौके लगाए और 8 ओवर के अंदर स्कोर 90 रन तक पहुंचा दिया। दोनों बल्लेबाज चार गेंदों के अंतराल में आउट हो गए क्योंकि पुरानी दिल्ली 6 ने दो जल्दी विकेट खो दिए। सनत के विकेट के बाद पुरानी दिल्ली 6 ने दो ओवर के अंदर दो और विकेट खो दिए। केशव दलाल 11वें ओवर में तो वंश बेदी 13वें ओवर में आउट हुए. हालाँकि, अर्नव बुग्गा ने पारी को आगे बढ़ाया और 29 गेंदों में 39 रनों की पारी खेली। डेथ ओवरों में, मयंक गुसाईं ने पांच छक्के लगाए और केवल 12 गेंदों में 40 रन बनाकर पुरानी दिल्ली 6 को 20 ओवरों में 192/6 तक पहुंचाने में मदद की।

# इम्पैक्ट प्लेयर नियम खेल को दिलचस्प बनाता है : अश्विन



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने आईपीएल के इंपैक्ट प्लेयर नियम का समर्थन किया है। उनका मानना है कि इस नियम के आने से रणनीति को अधिक महत्व मिला और खेल निष्पक्ष हुआ है। बता दें कि, विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ी इस नियम की आलोचना कर चुके हैं। उनका मानना है कि इससे ऑलराउंडरों को मौके मिलने कम हो जाएंगे।

### अश्विन ने किया इंपैक्ट प्लेयर नियम का समर्थन

अश्विन ने पूर्व कप्तान कृष्णामाचारी श्रीकांत से बातचीत के दौरान कहा- मुझे लगता है कि यह नियम उतना बुरा नहीं है क्योंकि इससे रणनीति का महत्व बढता है। उन्होंने आगे कहा- दूसरा पक्ष यह है कि इससे हरफनमौलाओं को प्रोत्साहन नहीं मिलता। लेकिन उन्हें कौन रोक रहा है। इस पीढी में वे ऐसा नहीं करते हैं ( बल्लेबाज गेंदबाजी करें या गेंदबाज बल्लेबाजी)। अश्विन ने कहा कि ओस होने पर इस नियम से खेल में संतुलन लाया जा सकता है। उन्होंने कहा- जब ओस के कारण मैच एकतरफा हो जाते हैं तो बाद में गेंदबाजी करने वाली टीम के पास जवाब में अतिरिक्त विकल्प रहता है। अगर आप बाद में बल्लेबाजी कर रहे हैं तो अतिरिक्त गेंदबाज की जगह बल्लेबाज को उतारा जा सकता है। इससे शाहबाज अहमद, शिवम दुबे, ध्रुव जुरेल जैसे खिलाड़ियों को मौके मिले हैं।

### क्या है इंपैक्ट प्लेयर नियम?

इंपैक्ट प्लेयर नियम आईपीएल 2023 में लागू हुआ था। इस नियम के अनुसार, हर टीम को अपनी प्लेइंग-11 के साथ चार-चार सब्सिट्यूट खिलाड़ियों के नाम भी बताने होंगे। कोई भी टीम 14 ओवर्स तक इन चार खिलाड़ियों में से किसी एक को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर किसी खिलाड़ी से रिप्लेस कर सकती है। जो भी खिलाड़ी इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर टीम से बाहर जाएगा, वह फिर दोबारा मैदान में नहीं दिख सकेगा। बाकी बचे मैच में इम्पैक्ट प्लेयर ही दिखेगा और मैच खेलेगा। कोई भी टीम किसी भी खिलाड़ी को तय ओवरों के अंदर रिप्लेस कर सकती है। चाहे वह खिलाड़ी बैटिंग किया हो या नहीं किया हो, गेंदबाजी किया हो या नहीं किया हो, इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। अगर किसी वजह से ओवरों में कटौती की जाती है और इसे 10 से कम कर दिया जाता है, तो इम्पैक्ट प्लेयर का इस्तेमाल नहीं होगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रस्तावित सर्किल दरों पर आम जनमानस की आपत्तियां सुनने के लिए बैठक आयोजित

## इन्द्र विक्रम सिंह ने प्रस्तावित सर्किल दरों पर आपत्तियों को व्यक्तिगत रूप से सुना




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जनपद गाजियाबाद स्थित सम्पत्तियों की सर्किल दरों के पुनरीक्षण के लिए प्रस्तावित सर्किल दरों पर 13 से 24 अगस्त तक आम जनमानस की आपत्तियां सुनने के लिए बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने प्रस्तावित सर्किल दरों पर आपत्तियों को व्यक्तिगत रूप से सुना।

उक्त आपत्तियों के माध्यम से आपत्तिकर्ताओं ने अपने तथ्य प्रस्तुत किये। इन्द्र विक्रम सिंह ने समस्त आपत्तिकर्ताओं की आपत्तियों को सुनने के उपरान्त समस्त उप निबंधक जनपद गाजियाबाद को निर्देशित किया कि इन पर गहनता से विचार कर शीघ्र ही निस्तारण आख्या प्रस्तुत की जाए, जिससे जनपद गाजियाबाद स्थित सम्पत्तियों की सर्किल दरों को अन्तिम रूप से प्रभावी किया जा सके।

बैठक में एडीएम एलए विवेक मिश्र, सहायक महानिरीक्षक निबंधन पुष्पेन्द्र कुमार, एसडीएम सदर अरुण दीक्षित, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित आपत्तिकर्ता उपस्थित रहे।

## अपर जिला जज को फोन करके धमकी दी

# सीबीआई इंस्पेक्टर बताकर की गई कॉल, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में विशेष न्यायधीश को फोन पर धमकी दिए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

कॉलर ने व्हाट्स एप कॉल की और खुद को सीबीआई इस्पेक्टर हुए विशेष न्यायधीश अनिल कुमार को धमकी दी है। धमकी उस समय दी गई जब विशेष न्यायधीश न्यायिक कार्य में व्यस्त थे। यह बात 23 अगस्त की है। विशेष न्यायधीश ने कॉलर का नंबर उपलब्ध कराते हुए कविनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस-2023) की धारा-351 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ट्रूकॉलर पर कॉलर का नाम हाडी राजपूत प्रदर्शित अंकित है

कविनगर थाना पुलिस को दी गई तहरीर में विशेष न्यायधीश की ओर से बताया गया है कि ट्रूकॉलर कॉलर पर कॉलर का नाम पता करने का प्रयास किया गया तो हाडी राजपूत प्रदर्शित हो रहा था। पुलिस ने 27 अगस्त को मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में विशेष न्यायधीश की ओर से कॉलर के द्वारा धमकी दिए जाने की बात कही है। वादी ने पुलिस से कॉलर के खिलाफ जांच कर सख्त कार्रवाई किए जाने की बात कही है और कॉलर का नंबर उपलब्ध कराया है। मामले में एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।




### अगर एक्ट वाले हैं ईमानदार तो क्यों बनते हैं वो ऐसे मामलों में तरफदार

जिस मामलें को लेकर निगम में बैटल होने की नौबत आ गई थी वो मामला बंद कमरें में सैटल हो गया। सुना है कि कर्मचारी यूनियन वाले साहब के सपोर्ट में इस कदर आ गये थे कि उन्होने कह दिया था कि अगर इसने अब दिखाये स्टाईल तो फिर जमीन वाले मामलों की ही खुल जायेगी फाईल। वैसे मेंबर साहब भी इंटेलीजेंट हैं और वो जानते हैं कि किस के सामने साईलेंट रहना है और कहां कमेंट मारने हैं। यहां तक तो सब ठीक था लेकिन कहानी में मोड़ तब आया जब मेंबर की हिमायत में उनकी ही बिरादरी के पूर्व मेंबर आ गये। पूर्व मेंबर एक्ट के जानकार माने जाते हैं और वो टैक्ट भी जानते हैं तभी तो बड़े ही टेक्ट से उन्होने इस मामले को भी टैकल कर लिया। अब फूल वाले भी कम नही हैं और वो कह रहे हैं कि बिरादरी आते ही सारी ईमानदारी और सिद्वांत साईड में रख दिये। जैसे खुले सुझाव एक्ट जानकार मेयर को दे रहे थे वैसे ही खुले में एक आध सुझाव बिरादरी वाले मेंबर को भी दे देते। फूल वालों ने बताया कि जब एक पूर्व मेंबर ने अवैध निर्माण की शिकायत की थी और उस निर्माण को रूकवा दिया था तब भी ये ही वाले एक्ट जानकार फूल वाले एक्स पार्षद के पास पहुंचे थे और अवैध निर्माण की हिमायत की थी। अब तो मामला बिरादरी का था तो जाना बनता भी था उनका।

### अफसर थे ट्रबल शूटर उन्होने मैनेज किया था उड़ाकर चवन्नी के दो कबूतर

वैसे तो डिफेंस वाले माननीय जी रामलीला मैदान के मंच से बता ही गये थे या ये कहों कि सबको समझा गये थे कि यहां रियल ट्रबल शूटर यानि असली सकंट मोचक कौन हैं। किसने युद्व रूकवाया और अपने दूत भेजकर छात्रो को सेफ बुलवाया। किस्सा निगम वालों में चला तो उनके हिस्से की बात जुबान पर आ गई। बताया कि कितना बड़ा ट्रबल हो उसे शूट तो साहब ही कर सकते हैं। बताया कि कायदे आजम के करीबी साहब कुछ दिन को ट्रेनिग पर गये और इधर बचा खुची पारी खेल रहें जनप्रतिनिधि ने जिम्मेदारी की ओवर डोज ले ली। रोज ही कभी पुलिया की ईंट तो कभी अलाव की लकड़ी देखें और कुल मिला कर पड़ी लकड़ी वाले सीन हो रहे थे। इसी बीच साहब ट्रेनिंग से रिटर्न हुये तो मातहतो ने बताया कि साहब उन्होनें तो क्रांति मचा दी हैं। साहब ने शांति से सुना और कहा कि डोंट वरी। बताते हैं कि साहब ने महकमें की दो नोट खदानों को निर्देश दिया कि एक चवन्नी तुम्हें देनी हैं उसे और एक चवन्नी तुम्हे देनी हैं उसे। बता भी दिया बंदे की ज्यादा अपेक्षाये हैं भी नही और कबूतर को ज्यादा हाई फ्लाई नही होने देना है। फिर शहर गवाह था कि छापों की क्रांति कतई शांती से बैठ गई थी।

### फूल वाली दावेदारी में हैंडपंप वालो की जम्प

तुसी मुसी वाले चुनाव लड़ने के धनुष पर टंकार मार रहे हैं। सीन में सरदार जी ने एंट्री ली है और वो फार्मूला ले आये हैं कि फूल वाले पंजाबी क्या करेगें लड़कर तुसी सानू चुनाव लड़ाओ। ये सीट रालोद दे खाते विच पाओ ते असी जीत त्वाडे खाते चे पा देआंगे। सरदार जी ने ऐसा शॉट मारा है कि साधना जी से लेकर लव और कालरा जी से लेकर फूल वाले सिंह साहब खामोश हैं। विरोध करे तो गठबधंन धर्म पर चोट लगती है और सपोर्ट करें तो फूल वाले नाराज कि हमारी विनिंग सीट में हैंडपंप वालों का क्या काम। फूल वालें इस दावेदारी पर खामोश हैं और सरदार जी फुल जोश में हैं। वो बार बार कह रहे हैं कि फूल वाले साईड में बैठे बाकी का काम तो मैं चुनाव जीत के कर दूंगा।

## हापुड़ में खुले में जाम छलकाना भारी पड़ा

# सड़क पर शराब पी रहे 23 आरोपी गिरफ्तार: पीने के बाद कर रहे थे हंगामा




**हापुड़, करंट क्राइम।** सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले लोगों के खिलाफ धौलाना पुलिस ने अभियान चलाया है। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देश पर पुलिस ने देर रात सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान धौलाना पुलिस ने 23 लोगों को खुले में शराब पीते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी को आगे से कभी भी सार्वजनिक स्थान पर शराब न पीने के निर्देश भी दिए।

### शराब पीने और अभद्रता की शिकायतें

शहर में सड़कों पर शाम ढलते ही शराब के जाम छलकाने और राहगीरों से अभद्रता किए जाने के बारे में पुलिस को शिकायतें मिल रही थी। जिसके बाद देर रात एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देश पर थाना धौलाना क्षेत्र की सड़कों पर खुलेआम शराब पी रहे और शराब पीकर उत्पात मचा रहे आरोपियों के खिलाफ अभियान चलाया गया। नता दें कि शाम ढलते ही खुलेआम जाम छलकाए जाते है। जिसको लेकर पुलिस को आए दिन शिकायतें मिलतीं रहती है।

### धारा 355 बीएनएस के तहत कार्रवाई

थाना धौलाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, दुकानों समेत अन्य सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वालों की धरपकड़ की गई। इस दौरान लोगों को पुलिस ने खुले में शराब पीने के दौरान पकड़ लिया। इन सभी लोगों के खिलाफ धारा 355 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।

# सरिया मारकर युवक को घायल करने के मामले में दस दिन बाद रिपोर्ट दर्ज




**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में उखरालसी कॉलोनी स्थित पेट्रोल डलवाने के दौरान किए गए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने दस दिन बाद रिपोर्ट दर्ज कर की है। पीड़ित की हालात अभी भी गंभीर बनी हुई है। गांव रेवड़ा रेवड़ी निवासी सुंदर सिंह गत 18 अगस्त को दिल्ली मेरठ मार्ग उखरालसी कॉलोनी स्थित पेट्रोल पंप पर बाइक में तेल डलवा रहा था। इसी बीच गांव निवासी राहुल ने सरिए से वार कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। खून से लथपथ होकर सुंदर वहीं पर गिर गया। आसपास के लोगों ने उसे नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन हालात गंभीर होने पर गाजियाबाद जिला सयुक्त अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। हालत में सुधार होने पर पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने घटना के दस दिन बाद रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## कार सवारों ने किया महिला के अपहरण का प्रयास

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के गांव धेदा में कार सवार चार लोगों ने महिला का अपहरण करने का प्रयास किया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव धेदा निवासी सारिका चौधरी परिवार सहित रहती है। महिला ने बताया कि शाम सात बजे के आसपास एक कार आकर घर बाहर रुकी। कार से उतरे चार लोगों ने मुझे जबरदस्ती अपहरण करने का प्रयास किया। शोर मचाने वह लोग वहां से फरार हो गए। महिला ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## महिला को मारपीट कर किया घायल

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में गांव बसंतपुर सैतली में घर के बाहर शराब पीकर गाली देने का विरोध करने पर महिला को मारपीट कर घायल कर दिया और घर के अंदर जमकर तोड़फोड़ की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। गांव बसंतपुर सैतली निवासी संदीप शर्मा परिवार सहित रहते है। संदीप शर्मा ने बताया कि एक युवक घर के बाहर शराब पी रहा था। उनकी पत्नी ने उक्त युवक को शराब पीने से मना किया। इस बात से नाराज होकर युवक महिला को मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया और घर का गेट भी तोड़ दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में हुआ एक्सीडेंट रिस्पांस ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में यंग इंडिया एआईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस एवं इमरजेंसी मैनेजमेंट एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट (ईएमआरआई) के संयुक्त तत्वावधान में एक्सीडेंट रिस्पांस ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य वक्ता डॉ. सतीश कुमार रामजु, सीनियर क्लीनिकल इंस्ट्रक्टर ईएमआरआई फानी प्रसाद करनम, सीनियर क्लीनिकल इंस्ट्रक्टर ईएमआरआई एवं रवनीत ओबेरॉय को चेयर वाईआई नॉएडा चैप्टर द्वारा मां सरस्वती की प्रतीमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा छात्र-छात्राओं को आपातकालीन स्थिति में किस तरह काम लेना चाहिए के बारे में बताना रहा। जिसके अंतर्गत उपस्थित छात्र-छात्राओं को एम्बुलेंस सेवा 108 के बारे में बताया गया। वक्ताओं ने आपातकालीन स्थिति से निपटने के बारे में बताते हुए सीपीआर करना भी सिखाया। उन्होंने कहा कि आपातकाल स्थिति में सबसे पहले तो घबराना नहीं चाहिए और सहायता के लिए आगे आना चाहिए। साथ ही आपातकालीन सेवा पर फोन करके सहायता बुलाने की कोशिश करनी चाहिए। ज्ञात हो कि यंग इंडियंस, भारतीय उद्योग परिसंघ का एक अभिन्न अंग है, जिसका उद्देश्य भारतीय युवाओं के बीच नागरिक जुड़ाव और नेतृत्व की कला को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया एवं आपातकालीन संबंधित महत्वपूर्ण बातों को समझा। कार्यक्रम का संचालन प्रो. अनीता राम राख्यानी ने किया। कार्यक्रम का समापन उपस्थित जनों का धन्यवाद कर किया गया।

## हापुड़ में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत



**हापुड़, करंट क्राइम।** थाना बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव छपकौली में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत होने से इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव छपकौली के रहने वाले 32 साल के शाहबुद्दीन अपनी पत्नी रुखसार और तीन बच्चों के साथ रहता था। बताया गया कि शाहबुद्दीन गांव में ही नाई का काम कर परिवार का पालन पोषण कर ढक था। शाहबुद्दीन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौके पर गांव के काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए। जिन्होंने पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी विजय गुप्ता पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर किया, फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मृत्यु का कारण पता चल सकेगा। मृतक के परिजन और अन्य लोगों से मामले की जानकारी की गई है। विभिन्न बिंदुओं को ध्यान में रख मामले की जांच की जा रही है, जल्द ही मामले का पदार्फाश किया जाएगा।




## जो पहले हुए थे फेल, क्या अब हो पाएंगे पास

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में लगातार बदलाव वाला दौर चल रहा है। मंगलवार की रात को भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में दो थ्री-स्टार के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। इससे पहले भी थ्री-स्टार की एक लिस्ट जारी की गई थी। बीते एक सप्ताह के अंतर्गत पांच थ्री-स्टार स्तर के प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में एक चर्चा शुरू हो रही है कि जो पहले फेल हुए थे, क्या वो अब सिस्टम में पास हो पाएंगे। बीते एक सप्ताह के दौरान दो ऐसे चेहरे हैं जिन पर बड़े साहब ने फिर से भरोसा जताया है। यह वह लोग हैं जिनको बेहतर कार्य ना कर पाने की वजह से पहले साइड लाइन किया गया, अब उनकी दोबारा प्रमुख थानों में पोस्टिंग की गई है।



इसमें एक पोस्टिंग सिटी के नाम आई है, तो दूसरी नदियापार के। नदियापार के प्रभारी जो पूर्व में रहे थे उनको पहले खास कार्यालय से जोड़ा गया। खास कार्यालय में लंबा समय बिताया और अब फिर नदियापार के खास थाने की कमान दी गई है। वहीं लाइन पार में थाने का बेहद छोटा चार्ज चलाने वाले थ्री-स्टार पर फिर भरोसा जताया गया है। उनको थाने में कम धाराओं में मुकदमा लिखवाने के मामले का दोषी मानते हुए हटवाया गया था। अब वह फिर थाने के प्रभारी बनाए गए हैं। अब देखना होगा उनकी पिछले बार की वर्किंग और इस बार की वर्किंग में कितना अंतर आता है। इसके साथ ही यह भी देखना होगा कि वह लाइनपार की तरह सिटी वाले थाने में कितना लोड ले पाते हैं। उनके बारे में एक बात और पता चली है कि कुछ वारदात होने के बाद वह चेकिंग पर अधिक ध्यान देते हैं। तो उनके ही महकमे वाले बताते हैं यह उनका वर्किंग का स्टाइल है। वैसे सिटी से जो अब थ्री-स्टार हटे हैं, उनके हटने के पीछे की वजहों की चर्चा हो रही है लेकिन सूत्रों ने जानकारी दी है कि उन्होंने खुद ही हटाने की पेशकश एक अधिकारी को की थी। जिसके बाद यह एक्शन वाला आदेश आया था। बताया जा रहा है कि अधिकारी ऑफ द रिकॉर्ड सांसद को काले झंडे दिखाने के मामले में लापरवाही वजह बता रहे हैं, पर इंटरनल जानकारी यह है कि सर्किल वाले साहब और सिटी वाले साहब पर लोड ज्यादा बढ़ रहा था। कुल मिलाकर बीते कुछ दिनों के दौरान दो ऐसे थ्री-स्टार हैं जो पहले फेल किए गए और उनको अब फिर पास करते हुए फील्ड पर उतर गया है। देखना होगा दोनों की वर्किंग और स्टाइल इस बार कैसा रहता है। हालांकि नदियापार वालों ने खुलासा किया है। तो वहीं एक चल रहा खेल भी बंद करवाने का काम किया है। अब देखना होगा सिटी वाले कब अपना साइलेंट मोड तोड़ेंगे।

# एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने किया रेखा देवी मेमोरियल चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एस.डी.जी.आई ग्लोबल यूनिवर्सिटी गाजियाबाद द्वारा संचालित रेखा देवी मेमोरियल अस्पताल में बुधवार को रोटरी वरदान ब्लड केंद्र की तरफ से भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रेखा देवी मेमोरियल हॉस्पिटल के डायरेक्टर हरीश कपूर, एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर (आई/सी) प्रो0 (डॉ0) प्रसेंनजीत कुमार, रजिस्ट्रार पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से0नि0) ने शिविर का शुभारंभ किया। इस रक्तदान शिविर में छात्र-छात्राओं सहित अन्य युवाओं ने रक्तदान किया। डॉ0 हरीश कपूर ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान होता है। हम रक्तदान करके किसी का जीवन बचाते हैं। उन्होंने रक्तदानियों कि प्रशंसा करते हुए शिविर में अपने सहयोगी डॉ0 एस. मलिक, डॉ0 शिवानी और डॉ0 अमन राणा और ब्लड बैंक के आयोजक वरदान ब्लड बैंक के इंचार्ज धीरज शर्मा और विक्रांत का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सांसद कंगना रनौत के बयान पर हापुड़ में भड़के किसान

## पुलिस और पदाधिकारियों के बीच पुतले को लेकर छिना-झपटी



**हापुड़, करंट क्राइम।** भाजपा सांसद कंगना रनौत द्वारा किसानों पर की गई अपमानित टिप्पणी को लेकर बुधवार भाकियू (लोकहित) ने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने किसान नेताओं से पुतला छीना तो नेता भड़क गए, उन्होंने दिल्ली गढ़ रोड पर जाम लगा दिया। जिसके बाद एसडीएम और डीएसपी ने उन्हें समझा बुझाकर शांत किया। इसके बाद किसानों ने पैदल मार्च किया, लेकिन पुलिस ने तहसील चौपले पर पहुंचते ही फिर पुतला छीन लिया। किसान नेता कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को अपना ज्ञापन देकर धरना समाप्त कर वापिस लौटे।

### किसानों की तीन मांगे

जिलाध्यक्ष देवेंद्र बाना ने कहा कि एक टीवी साक्षातकार में बीजेपी की सांसद, फिल्म अदाकारा कंगना रनौत ने देश के किसानों को बलातकारी और हत्याया जैसे शब्दों से अपमानित किया है। देश के किसान की इससे भावना आहत हुई है और आज किसान अक्रोशित है। जब दिल्ली किसान आंदोलन में देश का किसान अपना हक, अपनी फसल और अपनी नशल को बचाने के लिए लोकतांत्रिक रूप से आंदोलन कर रहा था। जो लोकतंत्र में देश के नागरिक का अधिकार है, आंदोलन कर रहे किसानों को कंगना रनौत ने बलात्कारी और हत्यारा बताकर किसानों के जख्मों पर नमक लगाने का काम किया है। प्रवक्ता हरिश हूण ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन लोकहित के नेतृत्व में किसानों की तीन मांगे हैं। भारतीय जनता पार्टी की सांसद, फिल्म अदाकारा कंगना रनौत सार्वजनिक रूप से किसानों से माफी मांगे। भारतीय जनता पार्टी कंगना रनौत को पार्टी से बरखास्त करें। कंगना रनौत पर मुकदमा दर्ज हो।

### पुलिस ने छीना पुतला

भाकियू लोकहित के नेतृत्व में किसान नेता नगर पालिका में एकत्र हुए। इस दौरान धरना स्थल पर पहुंच कर किसान नेताओं ने जमकर नारेबाजी की, उन्होंने कंगना रनौत को किसान विरोधी बताया। जिसके बाद किसानों ने नगर में पैदल मार्च निकाला। पुतला दहन को लेकर पुलिस और किसान नेताओं के बीच नोकझोक हुई। एसडीएम और डीएसपी ने उन्हें समझा शांत किया। इसके बाद किसानों ने पैदल मार्च किया, लेकिन पुलिस ने तहसील चौपले पर पहुंचते ही फिर पुतला छीन लिया। किसान नेता कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को अपना ज्ञापन देकर धरना समाप्त कर वापिस लौटे।

## जेल में बंद पाक के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान बोले-

# 'मेरी जान को खतरा, अगर मुझे कुछ हुआ तो सेना और आईएसआई जिम्मेदार'



**इस्लामाबाद।** जेल में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को कहा कि उनकी इस हालत के लिए सेना और इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) जिम्मेदार हैं। खान ने आशंका जताई कि उनकी जान को खतरा है।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक खान पिछले साल से रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में बंद हैं। उन्होंने मौजूदा सरकार को आलोचना करने वालों से नफरत करने और कानून-व्यवस्था की खराब स्थिति का दोषी ठहराया। उन्होंने पाकिस्तान की क्रिकेट की स्थिति की भी आलोचना की, जो लगातार हार का सामना कर रही है।

**'मुझे कुछ हुआ तो सेना और आईएसआई जिम्मेदार' :** सोशल मीडिया मंच एक्स पर खान ने एक पोस्ट में दावा किया कि चुनावों में धांधली हुई थी। उन्होंने कहा कि केवल सच्चे जनादेश वाली सरकार ही हालत के सुधार की योजना बना सकती है। उन्होंने कहा, आईएसआई जेल में मामलों को नियंत्रित कर रही है। मैं फिर से कहा रहा हूं कि अगर मुझे कुछ हुआ तो सेना प्रमुख और आईएसआई के महानिदेशक (डीजी) जिम्मेदार होंगे।

**शहबाज सरकार के एलान के बाद आया इमरान का बयान :** पूर्व प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी शहबाज शरीफ सरकार के उस एलान के बाद सामने आई है, जिसमें कहा गया था कि इमरान खान के खिलाफ हिंसा के मामलों की सुनवाई सैन्य अदालत में हो सकती है। पिछले साल नौ मई को खान की गिरफ्तारी के बाद हिंसक प्रदर्शन हुए थे। जिसमें उनके पार्टी कार्यकताओं में कई सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया था।

**'हमले की सीसीटीवी फुटेज चोरी कर ली गई' :** उन्होंने खुद पर हुए पहले के दो हमलों की याद दिलाई और कहा कि वजीराबाद में सीसीटीवी फुटेज चोरी कर ली गई और हमले से पहले आईएसआई ने क्षेत्रों को नियंत्रित किया। उन्होंने यह भी कहा कि जेल में उनकी हालत खराब हो गई है और उनके भोजन की सुरक्षा के लिए तैनात कर्मचारियों को चौथी बार बदल दिया गया है। खान ने कहा कि पूरी सरकार झूठ पर चलती है। मैं उनके समाचार नहीं पढ़ता। हमारे बीच बातचीत केवल देश और संविधान के लिए होगी।

# न्यूयॉर्क में पीएम मोदी को सुनने के लिए आएंगे हजारों भारतीय प्रवासी

## सितंबर माह में होगा ग्रैंड कार्यक्रम



**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने न्यूयॉर्क में भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों को संबोधित करने वाले हैं। इस बड़े कार्यक्रम की तैयारियां अभी से शुरू हो गई हैं। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 24 हजार से अधिक भारतीय प्रवासियों ने अपना नाम दर्ज कराया है।

**हॉल की क्षमता 15 हजार लोगों की :** 22 सितंबर को होने वाले कार्यक्रम का नाम 'मोदी एंड यूएस प्रोग्रेस टुगेदर' रखा गया है जो नासाउ वेटरन्स मेमोरियल कॉलेजियम में आयोजित किया जाएगा। इस हॉल की क्षमता 15 हजार लोगों की है। मगर साफ है कि क्षमता से कई अधिक लोग यहां मौजूद रहने वाले हैं। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी 26 सितंबर को यहां उच्च स्तरीय संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र को भी संबोधित करेंगे।

### 42 राज्यों से शामिल होंगे भारत

इंडो-अमेरिकन कम्युनिटी ऑफ यूएसए (आईसीयू) ने मंगलवार को बताया कि 24 हजार से अधिक भारतीयों ने इस बड़े कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अपना नाम दर्ज कराया है। बताया जा रहा है कि पंजीकरण 590 सामुदायिक संगठनों के माध्यम से आया है, जिनमें से सभी ने संयुक्त राज्य भर से 'वेलकम पार्टनर्स' के रूप में हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिका के कम से कम 42 राज्यों से भारतीय अमेरिकियों के इस इवेंट में हिस्सा लेने की उम्मीद है।

**सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दिखाई जाएगी :** कार्यक्रम के एक प्रमुख आयोजक ने कहा, 'हम चाहते हैं कि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग भाग ले सकें। हम बैठने की व्यवस्था बढ़ाने का इंतजाम कर रहे हैं। 'मोदी और अमेरिका' कार्यक्रम भारतीय-अमेरिकी समुदाय की जुड़ी हुई संस्कृति का जश्न मनाने वाला एक समागम होगा। इस कार्यक्रम में व्यापार, विज्ञान, मनोरंजन और कला के क्षेत्र में प्रमुख भारतीय-अमेरिकियों द्वारा सांस्कृतिक प्रदर्शन और प्रस्तुति भी दिखाई जाएगी।'

बता दें, गैर-लाभकारी संगठन इंडो-अमेरिकन कम्युनिटी ऑफ यूएसए (क्अउव) सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से इंडो- अमेरिकन समुदाय के बीच समझ और एकता को बढ़ावा देता है।

### 2019 में 'हाउडी मोदी' को किया था संबोधित

इससे पहले साल 2019 में मोदी ने टेक्सास के ह्यूस्टन में एनआरजी स्टेडियम में मेगा सामुदायिक कार्यक्रम 'हाउडी मोदी' को संबोधित किया था। इस दौरान उनके साथ पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी मौजूद रहे थे। इस साल अमेरिका की उनकी यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब देश में नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं।



## पीएम शहबाज शरीफ बोले-

# पाकिस्तान में जल्द खत्म करेंगे आतंकवाद का डर

### कार्रवाई में 25 आतंकवादी ढेर, 11 घायल

**इस्लामाबाद/पेशावर।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अशांत बलूचिस्तान प्रांत में हुए आतंकवादी हमलों की मंगलवार को कड़ी निंदा की। उन्होंने दोहराया कि देश से आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए उनकी सरकार कटिबद्ध है। बलूचिस्तान प्रांत में रविवार की दरमियानी रात को दो अलग-अलग हमलों में हथियारबंद हमलावरों ने कम से कम 37 लोगों की हत्या कर दी।

सरकारी 'रेडियो पाकिस्तान' की खबर के मुताबिक बलूचिस्तान में हुई हिंसा के एक दिन बाद मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए शरीफ ने आतंकवादी घटनाओं की कड़ी निंदा की जिनमें सुरक्षाकर्मियों सहित बेगुनाह पाकिस्तानियों की मौत हुई है। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान के लोगों और सशस्त्र बलों के कर्मियों द्वारा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दी गई कुबार्नी बेकार नहीं जाएगी। उन्होंने कहा, ह्य पूरा राष्ट्र आतंकवाद के खात्मे के लिए कटिबद्ध है।ह्व

प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा कि सभी उपलब्ध संसाधन सशस्त्र बलों को आतंकवाद को खत्म करने के लिए दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को समाप्त करने का समय आ गया है। शरीफ ने कहा कि उन लोगों से बातचीत के रास्ते खुले हैं जो पाकिस्तान और इसके संविधान में विश्वास करते हैं लेकिन दुश्मनों और आतंकवादियों से कोई बातचीत नहीं होगी। आतंकवादी घटनाओं का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि यह बात अब छिपी नहीं है कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के आतंकवादी अफगानिस्तान से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं और आतंकवादी हमलों के पीछे उनका हाथ है।

> बलूचिस्तान प्रांत में हथियारबंद हमलावरों ने 37 लोगों की हत्या कर दी।

प्रधानमंत्री शरीफ ने एकता बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि इस तरह की घृणित साजिशों का उद्देश्य केवल देश की प्रगति, बलूचिस्तान में चल रही चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा के तहत चल रही परियोजनाओं में बाधा डालना तथा पाकिस्तान और चीन के बीच मजबूत दोस्ती को कमजोर करना है।

# कनाडा में भारतीय छात्रों पर मंडरा रहा निर्वासन का खतरा, नई नीति के खिलाफ सड़कों पर उतरे युवा




**ओटावा।** कनाडा में सैंकड़ों भारतीय छात्रों ने नई संघीय नीति के खिलाफ प्रदर्शन किया। दरअसल इस नीति के चलते कनाडा में पढ़ाई कर रहे विदेशी छात्रों पर निर्वासन का खतरा मंडरा रहा है और इसका सबसे ज्यादा असर भारतीय छात्रों पर पड़ेगा। दरअसल कनाडा सरकार ने हाल ही में अपनी आव्रजन नीति में कुछ बदलाव किए हैं। इन बदलावों के चलते 70 हजार से अधिक स्नातक छात्रों के भविष्य को अनिश्चितता में पड़ गया है।

### कनाडा के विभिन्न प्रांतों में हो रहे प्रदर्शन

भारतीय छात्रों ने कनाडा के प्रिंस एडवर्ड आइलैंड प्रांत की विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इसी तरह से प्रदर्शन ओंटारियो, मैनिटोबा और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांतों में भी हो चुके हैं। आव्रजन नीति में बदलाव के तहत कनाडा की सरकार स्थायी निवास के नामांकन की संख्या को 25 प्रतिशत तक कम करने की तैयारी कर रही है, साथ ही कनाडा में पढ़ाई के लिए मिलने वाले परमिट को भी कम किया जाएगा।

गौरतलब है कि कनाडा में बीते कुछ वर्षों में जनसंख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है और इस जनसंख्या बढ़ोतरी में करीब 97 प्रतिशत अप्रवासी लोग शामिल हैं। यही वजह है कि कनाडा की सरकार देश में आने वाले अप्रवासियों की संख्या को सीमित करना चाहती है।

**छात्रों को सता रही अपने भविष्य की चिंता :** छात्रों के अधिकारों की आवाज उठाने वाले समूह नौजवान सपोर्ट नेटवर्क के प्रतिनिधियों का कहना है कि इस साल के अंत में जब छात्रों के वर्क परमिट समाप्त हो जाएंगे, तो उन्हें निर्वासित किया जा सकता है। छात्रों का कहना है कि उन्होंने कनाडा आने के लिए कई तरह के जोखिम उठाए हैं। वह यहां पढ़ाई करके काम कर रहे हैं और टैक्स दे रहे हैं, लेकिन अब उन पर निर्वासन की तलवार लटक रही है।

कुछ छात्रों का कहना है कि उन्होंने कनाडा में स्थायी निवास प्राप्त करने के लिए अपने कॉलेज की ट्यूशन फीस में अपने परिवार की जीवन भर की बचत खर्च कर दी है।

# उत्तर कोरिया ने बढ़ाई रॉकेट लॉन्चर बनाने की रफ्तार




**कोरिया।** उत्तर कोरिया आए दिन नए-नए आत्मघाती ड्रोन रॉकेट लॉन्चर का परीक्षण करता रहता है। इन दिनों यह देश तेजी से रॉकेट लॉन्चर बना रहा है दुनिया को परमाणु हमले की चेतावनी देने वाले उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अपग्रेडेड 240 मिमीरॉकेट लॉन्चर सिस्टम के परीक्षण में भाग लिया। बुधवार को राज्य मीडिया ने इसकी जानकारी दी। इससे पहले उन्होंने नए आत्मघाती ड्रोन के परीक्षणों का निरीक्षण किया। उन्होंने एक मॉक टैंक को उड़ान भरते और नष्ट करते हुए भी देखा। किम जोंग उन ने इस दौरान शोधकताओं से मानव रहित वाहनों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विकसित करने का आग्रह किया।

सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार, किम ने शनिवार को ड्रोन इंस्टीट्यूट ऑफ नॉर्थ कोरिया एकेडमी ऑफ डिफेंस साइंसेज का दौरा किया। यहां विभिन्न पूर्व निर्धारित मार्गों पर उड़ान भरने के बाद निर्धारित लक्ष्यों की सही पहचान करने और उन्हें नष्ट करने वाले ड्रोन के सफल परीक्षण को देखा। इस दौरे की तस्वीर भी सामने आई हैं।

# दूसरे देशों से आने वाले छात्रों की संख्या सीमित करेगा ऑस्ट्रेलिया



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने 2025 सत्र के लिए अपने यहां आने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या के सीमित करने का फैसला किया है। इसकी वजह से बढ़ते प्रवासन को बताया जा रहा है। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के पिछले कई वर्षों में बाहर से आने वालों की तादाद रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ी है। इससे यहां घरों के किराये आसमान छू रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के शिक्षा मंत्री जेसन क्लेयर ने बताया कि हम छात्रों जिन पाठ्यक्रमों के लिए छात्रों की संख्या को सीमित करने जा रहे हैं, उसमें उच्च शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी शामिल हैं। इस कदम से विदेश में उच्च शिक्षा के लिए जाने की उम्मीद रखने वाले भारतीय छात्रों पर भी काफी असर पड़ेगा। इसका सबसे ज्यादा असर पंजाब के छात्रों पर पड़ सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ऑस्ट्रेलिया में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों में ज्यादातर पंजाब के हैं।

ऑस्ट्रेलिया के माइग्रेशन एजेंट्स रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी के सदस्य सुनील जग्गी ने बताया कि जून 2022 में ऑस्ट्रेलिया में दूसरे देशों से आने वाले छात्रों की संख्या 5.10 लाख तय की गई थी। 2023 में यह संख्या घटाकर 3.75 लाख कर दी गई। अब उन्होंने इसे और कम करने का फैसला किया है।

# ट्रंप की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, 2020 राष्ट्रपति चुनाव में नतीजे पलटने की कोशिश मामले में नए आरोप लगाए गए




**वाशिंगटन।** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती नजर आ रही है। विशेष अधिवक्ता जैक स्मिथ ने मंगलवार को ट्रंप के 2020 में चुनाव नतीजों को पलटने की कोशिश मामले में नए आरोप लगाए हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में एक संशोधित अभियोग दायर किया है।

मुख्य आरोपों को बरकरार रखते हुए, सर्वोच्च न्यायालय के छूट संबंधी फैसले के जवाब में अभियोग में कुछ तत्वों को छोड़ दिया गया है।

**क्या बोले स्मिथ? :** स्मिथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'अमेरिका के चुनाव में हस्तक्षेप करने के मामले में आज शीर्ष न्यायालय में अभियोग दायर किया गया है। अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ध्यान में रखते हुए यह मूल अभियोग में आरोपों और सबूतों को सुव्यवस्थित करता है।'

**अधिकांश आरोप छूट के दायरे से बाहर :** उन्होंने आगे कहा, 'इससे साक्ष्य सुनवाई (मिनी ट्रायल) की आवश्यकता समाप्त हो जाती है, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि कौन से आरोप लागू होते हैं। डीओजे ने इस अभियोग में अपनी स्थिति बता दी है। डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ लगाए गए अधिकांश आरोप छूट के दायरे से बाहर हैं।'

**राजनीतिक उम्मीदवार के रूप में भूमिका जीरो :** बता दें, फिर से दायर किए गए अभियोग में पहले वाले ही आरोपों को रखा गया है। हालांकि, इसमें सुप्रीम कोर्ट के ट्रंप को उस समय राष्ट्रपति होने के कारण मिली छूट पर यह कहा गया कि पूर्व राष्ट्रपति ने न्याय विभाग के साथ बातचीत को कम कर दिया और एक राजनीतिक उम्मीदवार के रूप में उनकी भूमिका जीरो की तरह ही है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर डोनाल्ड ट्रंप ने स्मिथ द्वारा अपने खिलाफ दर्ज कराए केस के लिए उनकी आलोचना की। कहा, ' जैक स्मिथ मेरे खिलाफ एक हास्यास्पद नया अभियोग दायर किया है, जिसमें पुराने अभियोग वाले सभी आरोप हैं। इसे तुरंत खारिज कर दिया जाना चाहिए। उनके फ्लोरिडा दस्तावेज धोखाधड़ी मामले को पूरी तरह से खारिज कर दिया गया है।'

**क्या है मामला? :** बता दें, पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर आरोप लगे थे कि उन्होंने साल 2020 में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे पलटने और डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जो बाइडन को हराने की कोशिश की थी।

ट्रंप ने लंबे समय से झूठा और बिना सबूत के दावा किया मतदाता धोखाधड़ी ने साल 2020 की दौड़ को प्रभावित किया था।

# दुनियाभर में तेजी से बढ़ रहा एमपॉक्स वायरस का प्रकोप

## डब्ल्यूएचओ ने फिर एमपॉक्स को लेकर चेताया




**जेनेवा।** दुनियाभर में एमपॉक्स वायरस का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एमपॉक्स को लेकर एक बार फिर चेतावनी दी है। स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि शारीरिक संपर्क की तुलना में ड्रॉपलेट्स (लार की बूंदे) वायरस को फैलाने का एक मामूली जरिया है। साथ ही डब्ल्यूएचओ ने वायरस कैसे फैलता है, उस पर और अधिक शोध करने की जरूरत पर जोर दिया।

**सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित :** विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक ने 14 अगस्त को तेजी से फैल रहे एमपॉक्स वायरस (जिसे पहले मंकीपॉक्स के नाम से जाना जाता था) को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था। मुख्य रूप से, वायरस के दो अलग-अलग समूह एलए और एलबी, डीआरसी में महत्वपूर्ण चिंता पैदा कर रहे हैं। एक तीसरा संस्करण क्लेड क्कनाइजीरिया में पाया गया और 2022 में शुरू हुए वैश्विक प्रकोप के लिए जिम्मेदार है।

**क्या है एमपॉक्स? :** डब्ल्यूएचओ की वेबसाइट के अनुसार, एमपॉक्स वायरस एक ऑर्थोपॉक्स वायरस है, जो चेचक के समान लक्षणों वाली बीमारी है, हालांकि कम गंभीर है।

**इस देश से फैलना शुरू हुआ मंकीपॉक्स :** मौजूदा समय में दुनिया भर के देशों में इस बीमारी के मामले सामने आ रहे हैं। वहीं, मंकीपॉक्स की शुरूआत अफ्रीका के कांगो से शुरू हुई। इस देश से ये वायरस दूसरे देशों में अपने पांव पसार चुका है। कांगो में मंकीपॉक्स के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और इसे रोकने के लिए अफ्रीका द्वीप पर वैक्सीन भी थोड़ी ही मौजूद है।

लक्षण पहचानने जरूरीः मंकीपॉक्स के लक्षणों के बारे में पता होना चाहिए, ताकि आप समय रहते डॉक्टर से संपर्क कर सकें। आप नीचे देख सकते हैं कि

मंकीपॉक्स के लक्षण क्या हैं...

- तेज बुखार आना
- मांसपेशियों और पीठ में दर्द होना
- तेज सिर दर्द और सूजन होने पर
- बुखार कम होने पर शरीर में चकत्ते हो जाना

एमपॉक्स के बने रहने की अवधि पांच से 21 दिनों तक हो सकती है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, बुखार आमतौर पर एक से तीन दिनों तक रहता है। इसके बाद शरीर पर दाने होने लगते हैं, जो दो से चार सप्ताह तक रह सकते हैं।

### एमपॉक्स कैसे फैलता है?

**घावों के सीधे संपर्क में आने सेः** संक्रमित व्यक्ति के घावों को छूने से या उनसे निकलने वाले द्रवों के संपर्क में आने से यह वायरस फैल सकता है।

**संक्रमित वस्तुओं के संपर्क में आने सेः** संक्रमित व्यक्ति द्वारा छुए गए कपड़े, बिस्तर, बर्तन या अन्य वस्तुओं के संपर्क में आने से भी यह वायरस फैल सकता है।

**मां से बच्चे मेंः** गर्भावस्था के दौरान या प्रसव के समय संक्रमित मां से बच्चे में यह वायरस फैल सकता है।

**शारीरिक संबंधः** यौन संबंध के दौरान भी यह वायरस फैल सकता है।

### क्या बोलीं डब्ल्यूएचओ की प्रवक्ता?

हालांकि, डब्ल्यूएचओ की प्रवक्ता मार्गरेट हैरिस ने आज कहा कि अगर वायरस वाले व्यक्ति के शरीर पर घाव हैं, यदि आप किसी से करीब से बात कर रहे हैं, किसी के सामने सांस ले रहे हैं, शारीरिक संपर्क में आ रहे तो वायरस फैलने की संभावना है।

# सबसे पहले संसद में घुसने के दोषी को चार साल की जेल, पुलिस का आरोप- बाकी लोगों को रास्ता दिखाया



**वाशिंगटन।** साल 2021 में अमेरिकी संसद (यूएस कैपिटल) में हुई हिंसा के मामले में एक व्यक्ति को हिंसा का दोषी ठहराते हुए अदालत ने चार साल से ज्यादा की जेल की सजा सुनाई है। दोषी व्यक्ति की पहचान 46 साल के फैक्ट्री सुपरवाइजर माइकल स्पार्क्स के रूप में हुई है। स्पार्क्स केंटकी का निवासी है। आरोप है कि 6 जनवरी 2021 को जब अमेरिकी संसद में दंगाइयों की भीड़ घुसी थी तो सबसे पहले अमेरिकी संसद में घुसने वाला व्यक्ति माइकल स्पार्क्स ही था। अब अदालत ने उसे 53 महीने की सजा सुनाई है।

**माइकल स्पार्क्स पर क्या लगे आरोप :** माइकल स्पार्क्स को प्रतिबंधित इमारत में जबरन घुसने, नागरिक अव्यवस्था फैलाने और विघटनकारी आचरण का दोषी पाया गया था। अभियोजकों ने अदालत से स्पार्क्स के लिए 57 महीने की सजा की मांग की थी, जबकि स्पार्क्स के बचाव पक्ष के वकीलों ने कहा कि उसे 12 महीने के लिए घर पर नजरबंद रखा जाए। जिला न्यायाधीश टिमोथी केली ने स्पार्क्स को 53 महीने की जेल और 2,000 डॉलर के जुमार्ने की सजा सुनाई। अभियोजकों ने कहा कि स्पार्क्स 'यूनाइटेड स्टेट्स कैपिटल बिल्डिंग में प्रवेश करने वाला पहला दंगाई' था और स्पार्क्स ही अमेरिकी संसद में आग लगाने की घटना में शामिल था। उन्होंने कहा कि स्पार्क्स टूटी हुई खिड़की से संसद में घुसा।

**पुलिस ने दी गवाही :** अभियोजकों के अनुसार, पुलिस ने स्पार्क्स को रोकने की कोशिश की और उसके चेहरे पर मिर्च का स्प्रे भी किया था। साथ ही पुलिस ने चेतावनी भी दी थी, लेकिन स्पार्क्स ने चेतावनी को अनसुना करते हुए अमेरिकी संसद में घुसपैठ की। पुलिस के अधिकारियों ने स्पार्क्स के खिलाफ अदालत में गवाही दी।





# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा उत्तर प्रदेश की सदस्यता अभियान कार्यशाला संपन्न

## सदस्यता अभियान में पार्टी कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में जन-जन तक पहुंचेंगे : भूपेंद्र सिंह चौधरी

**लखनऊ, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा उत्तर प्रदेश की सदस्यता अभियान की कार्यशाला मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में बुधवार को सहकारिता भवन लखनऊ में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि पार्टी द्वारा 2 सितंबर से शुरू किए जा रहे सदस्यता अभियान में पार्टी कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में जन-जन तक पहुंचेंगे। उन्होंने कहा सदस्यता पार्टी संगठन के विस्तार का एक बड़ा अवसर है। जिसमें हम सभी कार्यकर्ताओं को लक्ष्य तय करके सदस्यता के अभियान में जुटना होगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सदस्यता अभियान को संगठन पर्व के रूप में मनाते हुए हमें पूरे प्रदेश में हर वर्ग और हर घर तक पहुंचकर केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार के कार्यों का प्रचार-प्रसार कर जन-जन को पार्टी की विचारधारा से जोड़कर उन्हें सदस्य बनाने का काम करना है।





### भाजपा ने समाज के हर वर्ग के कल्याण और विकास के लिए कार्य किया : प्रदेश भाजपा अध्यक्ष

**करंट क्राइम।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि सशक्त भाजपा, विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ते हुए विश्व में सर्वाधिक सदस्य संख्या वाली हमारी पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर काम करते हुए भाजपा सरकार ने समाज के हर वर्ग के कल्याण और विकास के लिए कार्य किया है। उन्होंने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी द्वारा बनायी गयी योजना पर कार्य करते हुए सदस्यता अभियान में अपनी भूमिका का निर्वहन करें।



### कार्यकर्ताओं को बनानी होगी हर घर तक पहुंच : नरेंद्र कश्यप

**करंट क्राइम।** पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र कश्यप ने सदस्यता अभियान में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ता की भूमिका पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मोर्चे को पार्टी ने 10 लाख सदस्य बनाये जाने का लक्ष्य दिया है। लेकिन मोर्चे के हम सब कार्यकर्ताओं को पार्टी संगठन की योजनानुसार कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्य से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़कर उन्हें पार्टी का सदस्य बनाने का काम करना है। कश्यप ने कहा कि इसके लिए मोर्चा के कार्यकर्ताओं को गांव, गली, मोहल्लों में घर-घर तक पहुंचकर लोगों को सदस्य बनाने का काम करना है। उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान को लेकर मोर्चों द्वारा 30 अगस्त को जिला व 31 अगस्त को मंडल स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएगीं।

# सांसद अतुल गर्ग को जर्जर पड़ी सड़क के निर्माण के लिए लिखा प्रार्थना पत्र

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद ओवर ब्रिज से उत्सव भवन विजयनगर तक की सड़क बहुत जर्जर अवस्था में है। जिस कारण वहां से गुजरने वाले वाहन अक्सर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं एवं छोटे वाहन कई बार पलट जाते हैं। पैदल आवागमन करने वाले यात्री घायल हो जाते हैं। लाइनपार क्षेत्र बहुत घनी आबादी वाला क्षेत्र है एवं रेलवे स्टेशन या शहर से आने-जाने वाले लोग अक्सर टूटी सड़क होने के कारण दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व महानगर महामंत्री लेखराज माहौर ने अपने साथियों सहित उक्त सड़क के निर्माण हेतु सांसद अतुल गर्ग से प्रार्थना पत्र देकर मांग की है कि इस सड़क का निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए ताकि वहां से गुजरने वाले वाहन व लाइनपार क्षेत्र के लोगों को इस समस्या से निजात मिल सके एवं आवागमन सुगम हो सके। इस अवसर पर लेखराज माहौर के साथ-साथ शिवकुमार शिबू, अजय पाल एवं पूर्व पार्षद ललित कश्यप उपस्थित रहे।



# राज नगर मंडल गाजियाबाद की टीम घोषित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राज नगर मंडल गाजियाबाद की टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम के सदस्य के रूप में तनुज खन्ना, अनिल कुमार सिंह, भावना जौहरी, सिमरन रंधावा, यतिन मित्तल तथा विजय कोरी (उपाध्यक्ष) बनाए गए हैं। मनोज कुमार गिरि और अमित कुमार को महामंत्री की श्रेणी में रखा गया।

अनिल अरोड़ा, योगेश शर्मा, राकेश चौधरी, विपिन सिंघल, रितू त्यागी और अंकित त्यागी को मंत्री पद की जिम्मेदारी का कार्यभार सौंपा गया। रवि रंजन पांडे को मिडिया प्रभारी बनाया गया है। हरेंद्र यादव को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

# पार्षद रुकसाना सैफी ने नगर निगम को लिखा पत्र

## कहा, जमींदोज हो रहा जस्सीपुरा रोड

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड 95 का जस्सीपुरा रोड जगह-जगह बैठ और धंस गया है। जस्सीपुरा रोड का धंसा हुआ हिस्सा 5 फीट गहरा और 8 फीट चौड़ा है। सड़क धंसने का मुख्य कारण सीवर लाइनों का भरना, मैनहॉलों का प्लास्टर कराकर मरम्मत न करना, पानी की लाइन का लीक होना आदि। जस्सीपुरा रोड जगह-जगह से धंसने से भविष्य में कभी भी कोई अनहोनी हो सकती। पार्षद रुकसाना सैफी ने नगर निगम से जल्द से जल्द जस्सीपुरा रोड की मरम्मत का कार्य कराने का अनुरोध किया है।



# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस की बैठक सम्पन्न



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विकास भवन दुर्गावती देवी सभागार में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की गरिमामयी उपस्थिति में उप कृषि निर्देशक द्वारा गत किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों के अनुपालन के सम्बन्ध में वार्ता की गई, जिसमें उपस्थित कृषक राजवीर सिंह ने शिकायत की, रहीसपुर से सदरपुर तक सड़क जर-जर हो गयी है, कृपया सड़क की मरम्मत का कार्य करवाएं। कृषक बिजेन्द्र कुमार ने कहा कि ग्राम पंचायत औरंगाबाद फजलगढ़ में पानी की टंकी स्कूल के पास बनी है, परन्तु सुचारु रूप से कार्य नहीं कर रही है। मनोज तेवतिया जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा ने कहा कि ग्राम नाहल में बिजली की गंभीर समस्या है, कृपया समस्या का समाधान कराया जाये।



### जनपद स्तरीय अधिकारी किसानों की शिकायतों का त्वरित निराकरण कराएं : जिलाधिकारी

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी ने उपस्थित जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपरोक्त सभी शिकायतों का अपने स्तर से त्वरित निराकरण कराया जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत एवं लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये कि आप अपने से सम्बन्धित समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कर अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें। उक्त किसान दिवस में उप कृषि निदेशक राम जतन मिश्र, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, जिला प्रबन्धक, जिला अग्रणी बैंक, मण्डी सचिव आदि अधिकारी एवं लगभग 110 कृषकों ने हिस्सा लिया।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोहा व्यापार मंडल अध्यक्ष और शिक्षाविद डॉ अतुल जैन ने अपने भांजे संजय गुप्ता मोनिका गुप्ता की मैरिज एनिवर्सरी सिल्वर जुबली पर बधाई शुभकामनाएं दीं। अतुल जैन ने अपनी खुशी को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# अवैध निर्माण पर सतत निगरानी हेतु प्रवर्तन जोन-3 का किया गया निरीक्षण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उपाध्यक्ष के निर्देशानुसार उप्र नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 के अन्तर्गत अवैध निर्माण पर सतत निगरानी हेतु प्रवर्तन जोन-3 के सहायक अभियन्ता अनिल शर्मा, दीप्ति चौहान तथा अवर अभियन्तागणों द्वारा बुधवार को जोन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान (1) ग्राम-रईसपुर के निकट सूर्या गार्डन के खसरा संख्या 1051 के बगल में लगभग 3 बीघा क्षेत्रफल में बबली चौधरी द्वारा अनधिकृत रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी एवं (2) वीरेन्द्र चौधरी उर्फ लल्लू पुत्र अमरपाल द्वारा सूर्या एनक्लेव में लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में अनधिकृत रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी में भूखण्डों की बाउण्ड्रीवॉल, सड़क आदि को विधिवत ध्वस्त किया गया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करते हुए निर्देश दिये गये कि बिना मानचित्र स्वीकृति के कोई कार्य न कराया जाये तथा जोन से सम्बन्धित सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता तथा सुपरवाइजर स्टाफ को निर्देशित किया गया कि सतत निगरानी रखते हुए यह सुनिश्चित किया जाये कि उक्त अवैध निर्माण पुनः प्रारम्भ न होने पाये। प्राधिकरण द्वारा लगातार अवैध निर्माण/विकास कार्य के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाहियां जारी रहेंगी। तत्क्रम में निर्माणकर्ताओं /विकासकर्ताओं को निर्देशित किया जाता है कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत भूमि पर विधिवत मानचित्र स्वीकृत के अनुसार ही निर्माण किया जाये। इसके साथ ही आम जनमानस को भी सूचित किया जाता है कि किसी भी वादग्रस्त/विवादित निर्माण में भवनों का क्रय-विक्रय न करें।



## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




- क्यों कहा कहने वाले ने कि नगर निगम वाले प्रकरण में कमांडर ने की थी फाटो वाले पंडित जी की मदद? की थी कार्यवाही करने वाले की शिकायत? सुना है जिसने सताया था फोटो वाले पंडित जी को? उसको जनपद से बाहर का रास्ता ही दिखवाकर लिया भगवा कमांडर ने दम? मगर फोटो वाले पंडित जी ने बावजूद इसके एक पोस्ट फेसबुक पर कमांडर को टारगेट करते हुए डाली? हमें समझ ही नहीं आया क्यों किया उन्होंने इस तरह का सितम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं बजरंगी भैया मिस्टर डागर की बात? वो कुछ ना कुछ बड़ा करते हैं साहब? हमने देखा जितने साईज में तीन पार्षदों के नाम के बन जायें बोर्ड? उतने बड़े साईज में बजरंगी भैया ने बनवाया है अपने नाम का बोर्ड? दिया है उन्होंने बड़ा बोर्ड बनाकर देने वालों को बड़ा संदेश? एक बोर्ड उन्होंने सड़क पर लगवाया है, दूसरा बोर्ड फिलहाल घेर रहा है उनके आफि स पर स्पेस? हमें समझ नहीं आ रहा, इतने बड़े बड़े बोर्ड बनवाकर आखिर बजरंगी भैया किसको देना चाहते हैं संदेश?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि आपने टीटू जी की दावेदारी पर बहुत ही बढ़िया बनाया लाख रुपए का सवाल? लाख रुपए का सवाल में लिये गये तमाम कैरेक्टर के बीच में हुई काफी चर्चा? इस चर्चा के बाद एक चेहरे ने भरा जुबानी पर्चा? कहा लाख रुपए का नहीं ये है अपने आप में सवा लाख रुपए का सवाल? पार्टी को उनकी दावेदारी का रखना चाहिए ख्याल? हम बिना अपनी पहचान खोले हैं उनके साथ? मगर उनको भी ध्यान रखने होंगे अपने वादे वाले पांच लाख?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था भगवागढ़ के एक महानमंत्री के पास? यहां पर महानमंत्री से किसी ने सवाल किया कि आजकल आप नहीं दिखाई दे रहे हो पार्टी के आयामों के आस-पास? महानमंत्री ने यहां पर दिया बड़े दिल वाला जवाब? कहा हमारे साथी महानमंत्री पूरी पहलवानी से देते हैं आयामों को अंजाम? इसलिए उनकी कार्यशैली के आधार पर ही मिलते हैं उन्हें काम? इसका मतलब आप ये मत समझ लेना कि हम कर रहे है आराम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जिन ओबीसी चेहरे ने एमएलसी साहब के यहां पर जाने से बनाई हुई है बहुत दिनों से दूरी? हमें पता चला है आज इन दूरियों के पीछे नहीं रहेगी कोई मजबूरी? आज वो पहुंचेंगे 100 प्रतिशत एमएलसी साहब के पास? देंगे उनको बधाई और दिखायेंगे अपना लगाव? वैसे भी एक बात पर दोनों के मिलते हैं बहुत ही विचार? दोनों चाहते हैं कि इस बार उपचुनाव में हो जाये पंजाबी चेहरे का बेड़ा पार?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि यहां पर जो दावेदारी के बना रहे हैं बेमतलब के माहौल? उस माहौल को लेकर आप कर दो वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब का भी जिक्र? कहने वाले ने कहा वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब का भी शहर विधानसभा में कोई इंटरेस्ट नहीं है? ये तो उनके समर्थक अपने नंबर बढ़ाने के लिए जबरदस्ती कर रहे हैं उनके नाम की फिक्र? सब इस बात की ठीक से रखते हैं पहचान? आने वाले दो तीन महीने में एमएलसी वाली सूची में आना ही है ठाकुर साहब का नाम? वैसे भी वो पार्टी की गतिविधियों से खुद को दूर नहीं करते हैं श्रीमान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि आज पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा की शिकायत पर डबल बैंच का आयेगा मजबूती वाला पैगाम? सुना है जो शिकायत उन्होंने जिले के तमाम अधिकारियों के खिलाफ की है? वो शिकायतें छीनेंगी कुछ अधिकारियों की मुस्कान? अधिकारियों को देना होगा चेयरमैन के लैटर पर कोई संज्ञान नहीं लेने पर जवाब? सुना है अब राजनीति की सुलगेगी रोड़ा वाले एरिया में और भी आग?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि शहर विधानसभा चुनाव में क्रॉस नही होगा 20 का भी आंकड़ा? ये जो नाराजगी है छुपी हुई मन में,उसका दिखाई देगा फूल भांगड़ा? कहने वाले ने कहा वो क्यों बार बार जोर दे रहे हैं लाइन पार लाइन पार? हमारी मर्जी होगी तो हम डालने जायेंगे वोट? हम नही लायेंगे किसी को भी घर से बुलाकर बाहर?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि असरदार जी ने एक बार साईकिल वाले मंत्री जी के सामने लगाई थी सियासी हक की गुहार? मेहबूब मंत्री रह गए थे सामने गिनती के चेहरे देख कर हैरान? उन्होंने कहा था कि आप पहले मुझे गिनवाओ तो सही इस हाल में बैठे हैं कितने बिरादरी वाले ब्रदर? आप संख्या तो जुटाओं तभी तो कोई मानेगा आपको असरदार? कहने वाले ने कहा कि उनका जोश उनके जज्बे को सलाम? मगर साहब चुनाव जीतने के लिए चाहिए होते हैं वोट? केवल जज्बो से यहां नही चलता है काम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथ वालों के यहां क्यों हो रहा है इंटरनल कलेश? जब मैडम पूजा और भाई नसीम को पीसीसी वाली बधाई देने पहुंचे कुछ फेस? तब शब्दों से बाहर आया दिल का दर्द? यूथ कांग्रेस में भी नही चल रहा सब कुछ ठीक? अगर घर में इतना कलेश तो कैसे बनाएगी पार्टी यहां चुनाव में अपना बेस? हाई कमान को देना होगा इस तरफ भी ध्यान? क्यों स्थानीय वाले अध्यक्षों से नहीं हो पा रहा, समझाई-बुझाई वाला काम?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।